## स्पीड न्यूज

### हुसैनाबाद में डॉ अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया



**हुसैनाबाद पलामू।** जपला अंबेडकर चौक पर स्थापित प्रतिमा पर विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों ने डॉ भीमराव अंबेडकर की 67वां पुण्यतिथि को परिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया गया। परिनिर्वाण दिवस की शुरूआत प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। मौके पर पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि वे एक बहुत बड़े अर्थशास्त्री, न्यायविद, राजनीतिज्ञ, समाज सुधारक और राजनीतिक नेता थे। वे देश व समाज में भेदभाव को खत्म कर सामाजिक समरसता लाना चाहते थे। इस मौके पर एजाज हुसैन उर्फ छेदी खाने कहा कि बाबा साहेब व्यक्ति नहीं विचार थे। उन्होंने जो संविधान बनाया है, उसी के कारण समाज में दलित पिछड़ों कमजोर वर्गों को अधिकार मिल पाया है। मौके पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि बाबा साहब के विचार समाज के लिए आज भी प्रासंगिक हैं। राजद प्रवक्ता जाकिर अली ने कहा कि बाबा साहब के आदर्श को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर उदय सोनी, इजहार अंसारी, जनक पासवान, गौतम पटेल, मिथुन, एस खान व कई लोगों ने माल्यार्पण किया।

### बसपा ने मनाया संविधान निर्माता अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस



हुसैनाबाद पलामू। शहर के थाना मोड़ स्थित अम्बेडकर चौक पर बसपा विधानसभा के तत्वाधान में भरत रत्न बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर की 67वी पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस के रुप में मनाई गई। कार्यक्रम का सुरुआत मुख्य अतिथि बसपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व प्रत्याशी शेर अली, हरि यादव, पुनीत अम्बेडकर, अजय भारती व मंचासीन अतिथियों ने अंबेडकर चौक स्थित अंबेडकर जी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता बसपा जिला अध्यक्ष अजय भारती ने की संचालन,बिरेंद्र राम ने किया। सभा को संबोधित करते हुए शेर अली ने डॉक्टर अंबेडकर जी ने गरीब मजदूर, दलित, शोषित समाज को मुख्यधारा में लाने के लिए संघर्ष किया, उनके संघर्षों का परिणाम है की देश के प्रत्येक नागरिक को वोट का अधिकार मिला। उन्हें भारतीय संविधान का शिल्पकार कहा जाता है उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजली अर्पित है। शेर अली ने कहा कि उनके विचारों को स्मरण करना ही सच्ची श्रद्धांजलि हैं। आगे उन्होंने स्थानीय विधायक पर चुटकी लेते हुए कहा कि हुसैनाबाद को जिला बनने के नाम पर गुमराह किया जा रहा हैं। हम सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया। मौके पर पूर्व झारखंड प्रभारी पुनित अंबेडकर, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष हरि यादव, पूर्व प्रदेश सचिव राजकुमार राम, ज़िला अध्यक्ष अजय भारती, नूरुल खान, सरोज कुमार, जीतेंद्र पासवान, प्रदीप मेहता, सरोज कुमार, सुनैना कुंवर ने गोष्ठी कार्यक्रम में अपना विचार व्यक्त किए। मौके पर मिशन गायक प्रेमशंकर निराला ने कई गीत प्रस्तुत किया, कार्यक्रम में जगदीश राम, कृष्णा राम, प्रदीप मेहता प्रणव सुमन, गुड्डू मेहता, सुशील कुमार, फरीद खान, अशद हुसैन, वकील अहमद, गोल्डन समेत कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मोर्चा ने विधायक को ज्ञापन सौंपकर की समस्या समाधान की मांग



**मेदिनीनगर।** सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के समन्वय समिति द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत डालटनगंज भंडरिया विधायक आलोक चौरसिया को अमलेश कुमार चौरसिया एवं अनुराग सिंह के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। समन्वय समिति के राज्य सदस्य विनोद तिवारी ने विधायक आलोक से विधानसभा सत्र के दौरान प्रश्न उठाने का मांग किया है। सीएम हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि सरकार बनते ही 3 महीने के अंदर वेतनमान दे दिया जाएगा परंतु अभी तक वेतनमान नहीं दिया गया। अगर मानदेय नहीं देना था तो झूठा वादा क्यों किया? विधायक से वेतनमान एवं राज राज्यकर्मी का दर्जा देने, सहायक अध्यापकों को अल्पसंख्यक विद्यालयों के तर्ज पर वेतनमान 9300 से 34800 करने, बिहार राज्य में आकलन व सीटेट को मान्यता देन व वेतनमान एवं ग्रेड पे लागू करने, सहायक अध्यापकों की सेवा अवधि 60 वर्ष से बढ़कर 65 वर्ष करने, 2018 एवं उससे पूर्व आंदोलन मे हुए केस वापस लेने ,राज्य में जारी सहायक आचार्य की बहाली रद्द करने, छात्र शिक्षक अनुपात में शिक्षक की रिक्त संख्या 70000 करने, 20 वर्षों से कार्यरत सहायक अध्यापकों को सरकारी पद पर समायोजन करने आदि मांगों को विधानसभा में उठाने की बात कही है। विधायक चौरसिया ने विधानसभा में जोरदार प्रश्न उठाने का भरोसा दिलाया है। ज्ञापन देने वालों में विनोद तिवारी, अमलेश चौरसिया, अनुराग सिंह, दिलीप पांडे, जनेश्वर सिंह, इमामुद्दीन अंसारी, राजेंद्र दीक्षित, नसीम अहमद, रमेश यादव, अरविंद सिंह, विनय तिवारी, मुन्ना अंसारी, मदन यादव, सुनैना गुप्ता, सुनीला डोडराय, पवन कुमार, विश्वनाथ चौरसिया, सुधीर सम्मद, अजय प्रसाद, निमी टोपनो आदि लोग शामिल थे।

### परिनिर्वाण दिवस के रूप में मनायी गयी डॉ अंबेडकर की पुण्यतिथि



**उंटारी रोड/ पांडू।** पांडू प्रखंड के कल्याण उच्च विद्यालय में बुधवार को बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में संविधान के निमार्ता, शिल्पकार डॉ भीम राव अम्बेडकर के 68 वें परिनिर्वाण दिवस पर विधानसभा स्तरीय श्रद्धांजलि सह विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पांडू प्रखंड अध्यक्ष विजय मंडेला ने किया। शुरूआत मुख्य अतिथि बसपा के केंद्रीय राज्य प्रभारी गयाचरण दिनकर, विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सह विश्रामपुर विधानसभा के भावी प्रत्याशी राजन मेहता के साथ पंडवा प्रमुख गीता मेहता सहित कई अतिथियों ने डॉ अम्बेडकर व बहुजन नायक कांशीराम के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर गयाचारण दिनकर ने कहा कि बाबा साहब ने समतामूलक समाज की स्थापना करने का जिक्र किया। राजन मेहता ने कहा कि हर घर में संविधान का अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा की बसपा गरीबों की हितैषी की पार्टी है। मौके पर उंटारी रोड अध्यक्ष विजय राम, श्रवन पासवान, पिंकू सोनी, राजू राम, वीरेंद्र बौद्ध, रामबाबू यादव, शबीर अंसारी, बलराम, मनोज चौधरी सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

### ताईक्कांडो खिलाड़ी हुए सम्मानित



**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल में स्कूल के बच्चों और लिलिपुट एक्टिविटी क्लासेज के बच्चों को झारखंड ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा एफिलेटेड सर्टिफिकेट, प्राचार्या रेणु गोयल द्वारा दिया गया। जिसमें बच्चों ने ताइक्वांडो येलो और ग्रीन बेल्ट ग्रेडिंग हासिल की। ज्ञात हो कि रविवार को लिलिपुट स्कूल कैम्पस में स्केटिंग, डांस और ताइक्वांडो की स्पेशल क्लासेज चलाई जाती हैं। कुल 9 बच्चों को सर्टिफिकेट दिया गया। सभी बच्चे प्राचार्या रेणु गोयल के हाथों सर्टिफिकेट पाकर उत्साहित नजर आए। सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले बच्चों के नाम हैं–सान्वी सोनी, अहम कुमार वर्मा, अंश भारद्वाज, शौर्य सोनी, अर्णव श्रीवास्तव, नूर एमान खान, ओजस कुमार सिंह, दिव्यांशी सोनी एवं भव्यम जैन। ताइक्वांडो और स्केटिंग क्लासेज के ट्रेनर श्याम किशोर तिवारी ने सभी बच्चों को बधाई दी।

### सेवानिवृत्त डीडीओ को भातृशोक

**मेदिनीनगर।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड के सेवानिवृत्त डीडीओ अशोक तिवारी के छोटे भाई नवल किशोर तिवारी का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत तोलरा निवासी स्व नवल किशोर तिवारी 55 वर्ष के थे तथा वे जमशेदपुर में पुलिस सब–इंस्पेक्टर पद पर कार्यरत थे। साथ ही यहीं के सेवानिवृत सुबेदार मेजर वीरेंद्र तिवारी का इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन पर हरिशंकर मिश्र, परशुराम तिवारी, डीडीओ विनय तिवारी, डीडीओ वीरेंद्र नाथ द्विवेदी, सुरेन्द्र गुप्ता व विजय ठाकुर सहित शिक्षकों ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।

# सांसद बीडी राम ने लोकसभा में उठाया इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्करिंग क्लस्टर स्थापित करने का मामला

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गढ़वा/ पलामू।** सांसद विष्णु दयाल राम ने पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गढ़वा जिला के भवनाथपुर में सेल के 1180 हेक्टेयर भूमि पर केन्द्र सरकार का राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कॉरपोरेशन के तहत प्रोजेक्ट का झारखंड राज्य में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्करिंग क्लस्टर स्थापित करने संबंधी अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। मौके पर सांसद राम ने कहा कि उक्त संबंध में एनआईसीडीसी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं प्रबंध निदेशक भारत सरकार के द्वारा उपायुक्त गढ़वा को पत्र लिखकर उक्त भूमि पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्करिंग क्लस्टर की स्थापना के संबंध में 6 बिन्दुओं पर प्रतिवेदन मांगा था। विदित है कि उपायुक्त गढ़वा ने उक्त बिन्दुओं पर झारखंड सरकार को प्रतिवेदन समर्पित कर दिया है। उक्त स्थान पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्करिंग क्लस्टर की स्थापना से झारखण्ड राज्य के आर्थिक ढ़ांचे में परिवर्तन संभावित है एवं राज्य का संतुलित विकास में इसका बहुत बड़ा योगदान होगा एवं उद्योग के साथ-साथ बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार उपलब्ध हो पाएगा। इससे गढ़वा जिला अकांक्षी जिलों की सूची से बाहर निकल सकेगा एवं राज्य के अन्य विकसित जिलों की श्रेणी में आ जायेगा। आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि झारखंड सरकार से बातचीत कर उक्त स्थान पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्करिंग क्लस्टर की स्थापना हेतु अग्रेतर कार्रवाई कराने की कृपा की जाय। साथ ही साथ यह भी आग्रह है कि राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कॉरपोरेशन लि की टीम भेजकर उक्त जमीन एवं बोकारो स्थित सेल की जमीन का कंपरेटिव ई वेल्यूशनभी करा लिया जाय ताकि राज्य सरकार का बोकारो के पक्ष में जो झुकाव है उसके औचित्य /अनौचित्य पर निष्पक्ष निर्णय लिया जा सके। उल्लेखनीय है कि सेल के द्वारा जो भवनाथपुर में जमीन ऑफर की गयी है (1180 हेक्टेयर) वह बोकारो स्थित जमीन (करीब 700 हेक्टेयर) से कहीं ज्यादा है जो भविष्य में यदि इस आईएमसी का विस्तार आवश्यक हो तो उसके लिए जमीन की उपलब्धता हो। साथ ही यह कहना अप्रासंगिक नहीं होगा कि गढ़वा जिला देश के 112 आकांक्षी जिलों में से एक है और प्रधानमंत्री जी का विचार है कि आकांक्षी जिलों में विकास का कार्य तेज गति से चले ताकि कि वे आकांक्षी जिलों की सूची से निकलकर विकसित जिलों की श्रेणी में आ खड़े हो।

# नल से जल की मांग करें, सिर्फ टीआरपी ना बढ़ायें : अरुणा शंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि मैं अपने निगम कार्यकाल में शहर के लिए कुछ नहीं कर सकी लेकिन सवाल उठाने वाले अपने ही पार्टी के कार्यकर्ता जिनके परिवार ने 60 वर्षों तक निगम पर राज किया उनकी पांच उपलब्धि बताएं फिर मुझसे बात करें। हां मैं 60 वर्षों की एक उपलब्धि जरूर मानूंगी । पूरा हमीदगंज एग्रीमेंट पर उनके पूरे परिवार द्वारा बेच दिया गया। खरीदने वाले आज भी रजिस्ट्री के लिए दर-दर भटक रहे जिसके चलते उन विचारों का स्थानीयता प्रमाण पत्र भी नहीं बन सकता जो बच्चों की नौकरी में अति आवश्यक है, दम तो पार्टी कैंप लगाकर सबों का रजिस्ट्री करा दे। मंत्री जी आप पीएचडी मिनिस्टर हैं आपका विभाग है और मेदिनीनगर को पानी देना आपका दायित्व है इस पर गंभीरता से विचार करें और जो लोग बयान बाजी कर शहर के इस अहम मुद्दा को भटकना चाहते मैं सिर्फ इतना कहूंगी कि वह मेरे ऊपर बयान बाजी कर अपना टीआरपी बढ़ाना छोड़ें और अपने सरकार से अपने शहर के इस महत्वपूर्ण योजना को पूरा कराने का काम करें।

## सबकी योजना, सबका विकास अभियान के तहत कई योजना सूचीबद्ध

# बघमनवा पंचायत में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में मौजूद पंचायत प्रतिनिधि ।

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर प्रखंड के बघमनवा पंचायत सचिवालय में बुधवार को सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया।

इस विशेष ग्राम सभा में पंचायत के सभी गांव गौरा, घरटीया, चोरटिया व बघमनवा में कई योजनाओं के बारे में चर्चा हुयी। ग्राम सभा की अध्यक्षता मुखिया मंजू देवी व संचालन पंचायत सचिव मंजर अंसारी ने किया। ग्राम सभा मे पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने पंचायत के समस्याओं को रखा। इसके अलावे सामुदायिक व कल्याणकारी योजनाओं को सर्वसम्मति से चिन्हित कर सूचीबद्ध किया गया। जिसे जल्द ही मूर्तरूप भी दिया जायेगा। मौके पर मुखिया मंजू देवी ने कहा कि सरकार के सभी योजनाओं को ईमानदारी पूर्वक धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर उप मुखिया सुनीता देवी, युवा समाजसेवी मनीष कुमार, आरती कुमारी, गीता देवी, शोभा देवी, रेणु देवी, फुलकुमारी देवी, शांति कुंवर, राकेश बैठा, अखिलेश सिंह, जगनारायण पाल, सतेंद्र पाल, रामप्रवेश गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

### किशुनपुर ओपी प्रभारी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**पाटन पलामू।** जिला के एसपी रिष्मा रमेसन के निर्देश पर किशुनपुर ओपी प्रभारी नीरज कुमार सिंह ने अपने दल बल के साथ किशुनपुर तरहसी मुख्य मार्ग पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ओपी प्रभारी ने पुलिसकर्मी के साथ दो पहिए वाहन का चेकिंग किया। इस अभियान के दौरान बिना कागजात व हेलमेट के वाहन चलाते दर्जनों दो पहिया वाहन पकड़े गए। ओपी प्रभारी नीरज ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान वाहन का कागजात, ड्राइवर लाइसेंस एवं हेलमेट चेक किया गया। कई दो पहिया वाहन चालक के पास सभी दस्तावेज नहीं पाये गये। उन सभी के वाहनों को जब्त कर लिया गया है। पुलिस आगे की कारवाई के लिए परिवहन विभाग को भेज दिया। जब्त वाहनों को ओपी में रखा गया है। चालक अर्थ दंड राशि देकर अपना वाहन ले जा सकते हैं।

# क्षत्रिय समाज ने सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या पर जताया रोष

## शोकसभा कर जताया शोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मोहम्मदगंज पलामू।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के प्रति क्षत्रिय समाज के लोगो मे काफी रोष है। बुधवार को मोहम्मदगंज देवी धाम मंदिर के पास क्षत्रिय जागृति मंच के द्वारा एक शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में उपस्थित लोगों ने हत्या को काफी दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

उन्होंने कहा कि क्षत्रियों की जब भी हत्या की गई है,हत्यारो ने कायरता का परिचय दिया है। गोगामेड़ी की हत्या भी उसी तरीके से की गई। लोगो ने हत्यारो को अविलंब गिरफ्तार कर फांसी की सजा देने और हत्याकांड का सी बी आई जांच का कराने की मांग की है।

मौके पर लोगों ने गोगामेड़ी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर व दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर सी बी रमण सिंह,महेन्द्र प्रसाद सिंह, नीरज सिंह, रूपेश पिंटू सिंह, कामेश्वर सिंह, परशुराम सिंह, अजित सिंह, परमेन्द्र सिंह, रानू सिंह, मंटू सिंह, उदय सिंह अशोक सिंह, कपिलदेव सिंह, रानू सिंह, पानू सिंह, मीकू सिंह, बिट्टू सिंह, संजय सिंह, अश्विनी सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### ढाई आखर प्रेम की पदयात्रा में शामिल होंगे इप्टा के रंगकर्मी



मेदिनीनगर। झूठ, नफरत व हिंसा के विरुद्ध ढाई आखर प्रेम की पदयात्रा 8 दिसंबर को विभूतिभूषण बंधोपाध्याय की जन्मभूमि घाटशिला से प्रारंभ होगी। इस यात्रा का संचालन झारखंड में 12 दिसंबर तक किया जाएगा। 12 दिसंबर को यह यात्रा जमशेदपुर पहुंचेगी। यात्रा में कबीर के संदेश के साथ सिदो–कन्हू, फूलो–झानो, बाबा तिलका मांझी, बिरसा मुंडा तथा लोक परंपरा से संबंधित प्रेम के मूल्य पर संवाद स्थापित किया जाएगा। उक्त जानकारी इप्टा जिला रविशंकर ने दी। उन्होंने यह भी बताया कि ढाई आखर प्रेम की पदयात्रा राष्ट्रीय स्तर पर संचालित की जा रही है। इसकी शुरूआत 28 सितंबर यानी शहीद भगत सिंह की जयंती पर राजस्थान के अलवर से प्रारंभ की गई थी। यात्रा का समापन 30 जनवरी को किया जाएगा। इस यात्रा में पलामू से इप्टा के रंगकर्मी शैलेंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार मिश्रा, आकाश कुमार, संजीव कुमार संजू, सुमित कुमार, अनुभव मिश्रा, शशि पांडे, प्रेम प्रकाश, प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव शामिल रहेंगे। यह यात्रा इप्टा महासचिव अर्पिता के नेतृत्व में प्रारंभ होगी।

# योजनाओं का लाभ ज्यादा लोगों को मिले : बीडीओ

## ओड़नार में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर पलामू।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के ओढनार पंचायत सचिवालय में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुबह से शाम तक आवेदनकर्ताओं की लंबी कतारे लगी रही। मौके पर बीडीओ नितेश भास्कर ने कहा कि सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिले यही हम सब का प्रयास है। झारखंड सरकार के द्वारा चलाई जा रही आवास योजना का लाभ वैसे लाभकु को देना है जिन्हें आज तक किसी भी योजना के तहत आवास का लाभ नहीं मिला हो। इस बात को आवेदन देने वाले ध्यान में रखेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों का अलग-अलग स्टाल लगाए गए थे जहां सैकड़ो लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन को दिया कई मामलों का निष्पादन किया गय। उन्होंने कार्यक्रम में मजदूर ग्रामीणों को जॉब कार्ड दिया और गरीब व वृद्ध ग्रामीणों जनता के बीच 150 कंबल का वितरण किया। वही 2 छात्र को साईकिल लेने के लिए 4500 का डेमो चेक दिया। जेएसपीएलएस महिला समूह सदस्य के कई महिला को परिचय पत्र वितरण किया गया। अबुआ आवास के लिए ग्रामीणों द्वारा करीब 300 आवेदन दिया गया। मौके पर उप प्रमुख सुनील सिंह, मुखिया स्मृति देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन दुबे, पंचायत समिति सदस्य लालजी चौधरी, जेपीएस राधेश्याम सहित दर्जनों प्रखंड कर्मी एवं सैकड़ो की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### नवादा में महिला के साथ दुष्कर्म

**पाटन पलामू।** प्रखंड अंतर्गत नवादा में कमरून बीबी 35 वर्ष मुस्लिम महिला के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार नवादा गांव की मुस्लिम महिला के साथ बुधन 60 वर्ष ने जबरजस्ती दुष्कर्म किया। महिला चार बच्चे की मां बतायी जाती है। पीड़ित महिला ने पाटन थाना में इस संबंध में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। आवेदन में दुष्कर्म करने वाले आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है। इधर पाटन थाना पुलिस आरोपी पर मामला दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है।

### शिक्षक पुत्र ने नाबालिग से किया दुष्कर्म, धराया

नीलांबर पीतांबर। 14 वर्षीय नाबालिक लड़की से दुष्कर्म का मामला सामने सामने आया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शिक्षक पुत्र आरोपी को चार दिनों के बाद गिरफ्तार किया। यह मामला पलामू के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र का है। इस सिलसिले में ओरिया गांव निवासी आरोपी 22 वर्षीय विष्णु कुमार पिता गिरिजा कुमार मेहता को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में लेस्लीगंज थाने में लड़की के पिता ने आवेदन देकर मामला दर्ज कराया था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस की ओर से कार्रवाई की गई। बताया जाता है कि गत 1 दिसम्बर को लड़की के माता–पिता खेत में काम करने गए थे। इसी का फायदा उठाकर आरोपी लड़की के घर में जबरन घुस गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। लड़की द्वारा जब शोर मचाया गया तो उसने उसका मुंह दबाकर बंद कर दिया और कहा कि इस घटना के बारे में किसी को भी बताओगी तो तुम्हें और तुम्हारे पूरे परिवार को गोली मार देंगे। घटना के बाद लड़की डरी सहमी रही, लेकिन बाद में उसने मामले की जानकारी दी। आरोपी युवक टेंट हाउस व साउंड का मालिक है।


### रानी सती मंदिर में भव्य मंगल पाठ का आयोजन



मेदिनीनगर। रेड़मा स्थित रानी सती दादी मंदिर में पांच दिवसीय पुर्न प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को भव्य मंगल पाठ का आयोजन किया गया। इस पाठ में 171 महिलाओं ने पारंपरिक वेश भूषा में शामिल होकर पाठ किया। इस मौके पर प्रथम जोत प्रदीप सांवरिया व पत्नी कामता सांवरिया ने लिया। वहीं पटना से पधारी पुनम मोर ने अपने वाणी व भजन से पूरा वातावरण को भक्तिमय कर दिया। पुनम मोर ने रानी सती दादी पर विस्तार पूर्वक कथावाचन किया। इसके पूर्व मंगलवार की रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नृत्य के माध्यम से रानी संती दादी के पूरी जीवनी को वृतांत पूर्वक प्रस्तुत किया गया। इसमें प्रेरणा ग्रुप एवं बालाजी ग्रुप की महिलाओं ने भाग लेकर दादी पर आधारित एक से बढ़कर एक नाटक प्रस्तुत किया। वहीं इस मौके पर नंदनी मोदी ने गणेश वंदना, रीमा भिवानिया व शालिनी सिंघानियां नाटक में मुख्य भूमिका निभाई। यज्ञशाला में रांची से पधारे श्याम सुंदर भारद्वाज के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पूजन कराया गया। इसमें यजमान के रूप में अनुप तुलस्यान एवं शीखा तुलस्यान ने भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक मनोज तुलस्यान, अध्यक्ष सुरेश भिवानिया, सचिव आलोक सांवरिया, कोषाध्यक्ष गोपाल छापड़िया, उपाध्यक्ष संजय केजरीवाल, मंदिर ट्रस्ट के मनोज तुलस्यान, रोहित तुलस्यान, पियूष तुलस्यान, सुशील, श्याम पोद्दार, ब्रदी, संदीप केजरीवाल, दीपक नेमाला, नीरज कामदार, राहुल उदयपुरी, शिवम खेतान समेत श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# नीलांबर पितांबरपुर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर पितांबरपुर।** प्रखण्ड के लेस्लीगंज पंचायत भवन परिसर में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन बीडीओ सुकेशनी केरकेट्टा, सीओ आशीष कुमार साहू एव मुखिया रेखा देवी, मुखिया पति छोटेलाल सोनी, हेमायू खान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर लेस्लीगंज पंचायत के मुखिया ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से पंचायत के ग्रामीण लोगों की समस्या को ऑन द स्पॉट समाधान किया जा रहा है। सुबह से हो रही बारिश के बाद भी ग्रामीणों का भीड़ रहा। शिविर में अबुवा आवास, सावित्री बाई फुले सहित अन्य कई कल्याणकारी योजना के तहत स्टॉल लगाए गए थे। पीएमजेजेबीवाई योजना के अंतर्गत गोपालगंज निवासी पुअरिया देवी पति जगन भुइयां को दो लाख रुपए का चेक दिया गया। मौके बीपीएम शिवकुमार उपाध्याय मनीषा कुमारी, आशीष तिवारी, उमेश लाल चंगेज खान, बीपीआरओ विनय शर्मा, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार तिवारी, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक सहित ग्रामीण मौजूद थे।

# विश्रामपुर नप कार्यालय में डॉ अंबेडकर को किया गया नमन



विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय में आज महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने भरत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। नप कर्मियों ने भी डॉ भीमराव अम्बेडकर को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दानिश हुसैन व संचालन समजसेवी विजय कुमार रवि ने किया। दानिश हुसैन ने कहा कि संविधान निमार्ता बाबा साहब ने समाज के वंचित व शोषितों को आवाज दी। उन्हें संवैधानिक अधिकारों की ताकत दी। हसिये पर खड़े दलित समाज को देश मे सम्मानजनक स्थान दिलवाया। मौके पर विजय कुमार रवि ने भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। मौके पर सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, नगर प्रबंधक सुभाष हेम्ब्रम, प्रभात कुमार, जेई अजित टुडू, बिभूति भूषण, मुकेश कुमार, रमेश कुमार, बिट्टू खान सहित कई नप कर्मी मौजूद थे।

# जनता का आशीर्वाद मिला तो विश्रामपुर विस क्षेत्र का करेंगे विकास : अभिमन्यु

## गवरलेटवा में तीन सौ गरीब-असहायों के बीच कंबल का वितरण


**खबर मन्त्र संवाददाता**



गरीब असहायों के बीच कंबल वितरण करते युवा नेता अभिमन्यु सिंह।

**उंटारी रोड पलामू।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा बसपा नेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने अपने निजी खर्च से प्रखंड क्षेत्र के गवरलेटवा में लगभग तीन सौ गरीब और असहायों के बीच बुधवार को कंबल का वितरण किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि उंटारी रोड प्रखंड का यह इलाका काफी पिछड़ा हुआ है। यहां के लोग आज भी कई सुविधाएं से वंचित है। विगत कई वर्षो से लगातार दो विधायक ही इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किए लेकिन आज भी गवरलेटवा गांव विकास से वंचित है। विगत पंद्रह वर्षो से मैं लगातार आपके क्षेत्र में लोगों के सेवा के लिए हमेशा तत्पर हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विधानसभा का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला तो आवास, पेंशन, सड़क सहित कई सुविधाओं को धरातल तक पहुंचाएंगे। मौके पर राहुल दुबे, दसरथ बैठा, अशोक बैठा, सुधन उरांव, सोनू पासवान, मनोज उरांव, महेश्वर रजवार, राधा देवी, कलावती देवी, रानी देवी, गौरी शंकर शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

### नौडीहा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के नौडीहा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन पाटन प्रमुख शोभा देवी, पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, नौडीहा पंचायत के मुखिया रंजीत सिंह, पाटन बीडीओ अमित कुमार झा ,पाटन सीओ दीपक कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में सभी विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों के समस्या संबंधित आवेदन लिये गये। शिविर में अबुआ आवास योजना, कृषि, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बालविकास विभाग, आपुर्ति विभाग, सावित्री बाई फुले योजना कल्याण विभाग सहित कई विभागों के स्टॉल लगाये गये। लाभुकों के द्वारा आवेदन जमा किया गया। शिविर में अबुआ आवास योजना में ज्यादा आवेदन जमा किये गये तथा सभी जमा करने वाले लाभुकों को प्राप्ति रशीद दी गई। शिविर में महिलाओं कीभागीदारी ज्यादा देखी गई। नौडीहा पंचायत के मुखिया रंजीत सिंह ने लाभुकों से कहा कि जो भी व्यक्ति को जो समस्या है वे सभी फार्म भरकर लगे हुए स्टॉल में जमा कर अपनी समस्या का निदान करावें। पाटन प्रमुख शोभा देवी एवं जिला सदस्य ने भी उपस्थित लोगों को इस सरकार की महत्वकांक्षी योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में बीडीओ अमित कुमार झा ने स्टॉल का निरीक्षण किया। साथ ही संबंधित स्टॉल से जानकारी प्राप्त किया।

# ब्राइट लैंड स्कूल के विद्यार्थी पुरी रवाना

## शैक्षणिक यात्रा से बच्चों का होता है बौद्धिक विकास : निदेशक



**रागिनी सिंह**

**मेदिनीनगर।** ब्राइट लैंड स्कूल प्रबंधन की शैक्षणिक यात्रा छात्र-छात्राओं के साथ जगन्नाथ धाम पुरी के लिए बुधवार को रवाना हुई। विद्यालय की निदेशक रागिनी सिंह ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन के द्वारा प्रत्येक वर्ष इस तरह का शैक्षणिक यात्रा कराया जाता है। इस तरह की यात्रा से विद्यार्थी के बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। उन्होंने कहा कि कि विद्यालय के प्राचार्य राहुल सिंह के नेतृत्व में पांच दिवसीय शैक्षणिक यात्रा है जो विद्याथीर्यों को दर्शनीयता का बोध कराते हुए वापस आयेगा। सिंह ने बताया कि 56 छात्राओं की टीम के साथ 13 शिक्षक इस शैक्षणिक यात्रा में साथ रहेंगे। शैक्षणिक यात्रा 10 दिसंबर को वापस लौटेगा। शैक्षणिक यात्रा के प्रारंभ करने समय छात्र छात्राओं के अभिभावक काफी संख्या में मौजूद थे ञ वहीं छात्र छात्राओं में काफी उत्साह था। शैक्षणिक यात्रा बस से रांची के लिए रवाना हुई। जहां रांची रेलवे स्टेशन से ट्रेन से भुवनेश्वर पहुंचेगी और छात्र छात्राओं को पुरी का समुंद्र तट व विभिन्न दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करायेगा।

स्पीड न्यूज

## एचडीएफसी बैंक फुसरो में विदाई सह सम्मान समारोह



**बेरमो।** फुसरो एचडीएफसी बैंक फुसरो के शाखा प्रबंधक के स्थानांतरण पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिस प्रकार ऋतुएं बदलती रहती है ठीक उसी प्रकार सरकारी सेवा में एक जगह से दूसरे जगह स्थानांतरण भी निश्चित है। उक्त बाते शाखा प्रबंधक अमरेंद्र पांडेय ने बैक परिसर मे सम्मान समारोह मे कहा कि हजारों खाताधारकों तथा सहयोगी कर्मियों से जो स्नेह एवं प्यार मिला उसे भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर बैंक के सभी कर्मियों तथा स्थानीय समाजिक कार्यकताओं ने बारी .बारी से शाखा प्रबंधक श्री पाण्डेय को फूल मालाएशाल ओढ़ाकर एवं अन्य उपहार देकर उनके बेहतर कार्यकाल की तारीफ की।

## बोकार में हैप्पी स्ट्रीट समारोह 10 दिसंबर से

**बोकारो।** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी बीएसएल के तत्वावधान में हैप्पी स्ट्रीट समारोह का 10 दिसम्बर को सुबह साढ़े सात बजे उद्घाटन किया जाएगा। इस दौरान बीएसएल के वरीय अधिकारियों सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। एक्टिव बोकारो हेल्दी बोकारो के थीम को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किए जा रहे इस आयोजन में बोकारो के विभिन्न स्कूल अन्य शिक्षण संस्थान महिला समिति संगीत कला अकादमी सीआरपीएफ सीआईएसएफ रोटरी क्लब लायंस क्लब रोटरी क्लब ऑफ मिड टाउन कपल्स पोस्टल फिलाटेली ग्रुप एक्स सर्विसमैन एसोशिएशन सहित अन्य संस्थाएं व नगरवासी इसमें शामिल होंगेँ। इसके लिए हॅप्पी स्ट्रीट यानि बोकारो मॉल मोड़ से गाँधी चौक तक की एक लेन सुबह 7 बजे से 9 बजे तक आने वाले कुछ रविवार को गाड़ियों के आवागमन के लिए बंद कर दी जाएगी।

## कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन

**बेरमो।** लायंस क्लब बाघमारा सेंटेनियल आगामी 9 दिसंबर से 11 दिसंबर तक नि:शक्तों के लिए दुग्धा स्थित सिटी हॉस्पिटल में कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजित करने जा रहा है।उक्त बात की जानकारी लायंस क्लब बाघमारा सेंटेनियल के अध्यक्ष लायन सुनील कुमार सिंह ने दी।उन्होंने बताया कि यह कैंप अंतरराष्ट्रीय संस्था श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सौजन्य से आयोजित है।इस तीन दिवसीय शिविर में पहला दिन कटे हुए पैरध्हाथ का मापी लिया जाएगा तथा श्रवण यंत्र के लिए कान की जॉच की जाएगी। दूसरे दिन मापी एवम कान की जॉच के साथ साथ विश्व स्तरीय कृत्रिम अंग का प्रत्यारोपण तथा श्रवण यंत्र वितरण किया जाएगा।

## उमेश गोप को मिला सर्वजन पेंशन का लाभ

**धनबाद।** गोविंदपुर प्रखंड के मुर्गाबनी पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर के दौरान उमेश गोप को आवेदन करने के जांचोंप्रांत शिविर स्थल पर सर्वजन पेंशन का लाभ प्रदान किया गया। सर्वजन पेंशन की स्वीकृति मिलने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया। शिविर में मौजूद सामाजिक सुरक्षा विभाग के सहायक निदेशक मो. नियाज अहमद एवं अन्य द्वारा उन्हें स्वीकृति पत्र सौंपा गया। लाभुक ने बताया कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के प्रचार रथ के माध्यम से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम की जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने अपने पंचायत में लगे शिविर में पहुंचकर पेंशन हेतु आवेदन दिया। आवेदन देने के कुछ क्षण बाद ही उन्हें पेंशन की स्वीकृति प्रदान की गई। सर्वजन पेंशन की स्वीकृति मिलने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि इस पेंशन की राशि से उन्हें काफी सहायता मिलेगी।

# पंचेत से 1000 टन कोयला, 13 ट्रैक्टर और तीन बाइक जब्त

**सीआईएसएफ की बड़ी कार्रवाई**



खबर मन्त्र संवाददाता

**निरसा।** मंगलवार की रात करीब 7.30 बजे सीआईएसफ को मिली गुप्त सूचना पर पलासिया के जंगल में छापेमारी की गई। छापेमारी में हजारों की संख्या में बोरे में भरकर रखा कोयला, 11 ट्रैक्टर एवं 3 मोटरसाइकिल जब्त किए गए। छापेमारी होता देख अवैध खनन में लगे मजदूर एवं कर्मी मौके से भाग निकले। बताया जा रहा है कि राहुल नामक कोई व्यक्ति के देखरेख में पूरा सिंडिकेट चल रहा है। रोजाना सैकड़ों टन कोयला ट्रैक्टर, बाइक एवं स्कूटर के माध्यम से शाम होते ही आसपास के भट्ठों में खपाया जाता है। यह खेल रोजाना बिना किसी भय के चल रहा था। सीआईएसएफ की इतनी बड़ी छापेमारी से ना सिर्फ पंचेत पुलिस बल्कि जिला प्रशासन पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। जिनके आला अधिकारियों द्वारा अवैध खनन की बात पूछे जाने पर नकार दिया जाता है या यह कह कर चुप कर दिया जाता है कि इसकी कोई सूचना नही है। आम लोगों के जेहन में यह बात कौंध रही है कि क्या बिना जिला प्रशासन या स्थानीय प्रशासन के मिली भगत से संभव है। अब देखना यह है कि इतनी भारी मात्रा में मौके से कोयला जब्त किए जाने पर प्रशासन क्या कार्रवाई करती है। इस पूरे प्रकरण में सबसे चौकाने वाली बात यह है कि जिस वक्त छापेमारी हुई। उस वक्त मौके पर दर्जनों की संख्या में कुआं बनाकर मजदूर कोयला निकाल रहे थे। फिर सीआईएसएफ एक भी लोग को नही पकड़ पाया। सीआईएसएफ एरिया कमांडर शंभू प्रसाद का कहना है कि इस संबंध में बीसीसीएल के आला अधिकारियों को कई बार सूचना दिया है परंतु उनके द्वारा गंभीरता से नहीं लिया गया। अंत में मजबूर होकर हम लोगों ने यह कार्रवाई की है।सीआईएसएफ की इस बड़ी कार्रवाही ने कहीं ना कहीं पंचेत पुलिस के पुलिसिंग को आईना दिखाने का काम किया है।

## डीपीएस बोकारो में एरो इनोवेशन लैब का उद्घाटन



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में एरो इनोवेशन लैब यानि एरो लैब का उद्घाटन करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने कहा कि बदलते शैक्षणिक परिदृश्य में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के जरिए बच्चों को अब आकाशीय दुनिया के साथ साथ विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों के गुर सिखा रहा है जहां विद्यार्थी अब पढ़ाई के साथ.साथ एयरोनॉटिक्स एविएशन और स्पेस टेक्नोलॉजी सहित कई महत्वपूर्ण तकनीकी गुर सीख सकेंगे। डीपीएस बोकारो झारखंड का पहला विद्यालय है जहां इस प्रकार का लैब स्थापित किया गया है। देश के प्रथम अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा और पहली महिला अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला के नाम पर इसका नामकरण किया गया है। नई शिक्षा नीति में विद्यार्थियों को व्यावहारिक और अनुभव आधारित शिक्षा मुहैया कराने के उद्देश्य से स्टीम एजुकेशन के तहत डीपीएस बोकारो ने एरो इनोवेशन लैब की शुरूआत की है। विमानन में नवाचार के इस भव्य लैब में प्रदूषण रहित 3 डी प्रिंटिंग सीएनसी लेजर कटिंग मैकेनिकल टूल्स वेदर मैन विंड टनल ड्रोन टेक्नोलॉजी रॉकेट साइंस सैटेलाइट मार्स रोवर हाइड्रोलिक आधारित एक्सवेटर ट्रांजिस्टर व सेंसर आधारित वायुयान संचालन आदि की बारीकियां बच्चों को सिखाई जा रही हैं।

## सिदरी : दूध से नहलाई गई बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा



**सिंदरी।** भारत के प्रथम कानून मंत्री व संविधान निर्माता भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की 67 वीं महापरिनिर्वाण दिवस पर रोहड़ाबाँध स्थित बाबासाहेब की आदमकद प्रतिमा को भाजपा नेता गौरव वक्ष उर्फ लक्की सिंह ने बुधवार को दूध से नहलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही भाकपा (मा), बुद्धिजीवी कल्याण मंच सहित अन्य सदस्यों ने भी बाबासाहेब को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। लक्की सिंह ने बाबासाहेब को देश का गौरव बताते हुए सिंदरी के आसपास की दर्जनों महिलाओं के बीच साड़ी वितरण किया। उन्होंने कहा कि भारत के विशाल संविधान के रचयिता बाबासाहेब महान पुरुष थे। इनको युगांतर तक पूजा जाएगा। वहीं भाकपा (मा) ने महापरिनिर्वाण दिवस को सांप्रदायिक सद्भावना दिवस के रुप में मनाया। बुद्धिजीवी जन कल्याण मंच के कार्यक्रम में प्रो डॉ बी एन राय ने कहा कि बाबासाहेब लेखक, अर्थशास्त्री, संविधान के जनक महिलाओं, शोषितों और पिछड़ों के मुक्तिदाता के रुप में कार्य किया। लक्की सिंह के कार्यक्रम में मौके पर अरविन्द पाठक, सुमन चौधरी, बृजेश सिंह, रंजना शर्मा, बलबीर सिंह जेदिया, जे पी सिंह, राघव तिवारी, गुड्डु सिंह, विमल सिंह, बसंत कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## ईएसएल वेदांता और एनजीओ ने किया मानव सेवा आश्रम का दौरा



**बोकारो।** ईएसएल स्टील ने अपने सीएसआर विभाग के साझेदार एनजीओ एएएस विद्यालय सीड्स इम्पैक्ट सिटीजन्स फाउंडेशन दृष्टि फाउंडेशन सार्थक सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन और अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन के साथ मानव सेवा आश्रम का दौरा किया। बच्चों से मिलने के अलावा संगठनों ने उन्हें जरूरत की विभिन्न वस्तुएँ दान की जिनमें सूखा राशन स्वच्छता उत्पाद खाने पीने का सामान स्टेशनरी टॉयलेटरीज और छात्रों और निवासियों को कुछ महीनों से अधिक उपयोग के लिए जरूरत के अन्य उत्पाद शामिल हैं। सीएसआर प्रमुख आशीष रंजन ने कहा कि ईएसएल स्टील लिमिटेड और उसके सहयोगी एनजीओ ने हमेशा वंचित और हाशिए पर रहने वाले व्यक्तियों की तलाश व उत्थान करने और उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने को सुनिश्चित करने के लिए अटूट प्रतिबद्धता दिखाई है। मानव सेवा आश्रम के निवासियों के लिए जरूरत के उत्पादों को इकट्ठा करने का अभियान आंतरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के अंतर्राष्ट्रीय दिवस की महत्ता के अनुरूप है।

## डिसल्फराइजेशन यूनिट का उद्घाटन



**बोकारो।** सेल अध्यक्ष अमरेन्दु प्रकाश ने अपने दौरे के क्रम में जैविक उद्यान में वृक्षारोपण व जगन्नाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। उन्होंने बीजीएच के चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ से मुलाकात पश्चात प्लांट भ्रमण के क्रम में एसएमएस 2 की डिसल्फराइजेशन यूनिट 1 एवं 2 का उद्घाटन किया। श्री प्रकाश ने संयंत्र परिसर के अंदर प्रस्तावित ब्राउन फील्ड एक्सपेंशन से जुड़े स्थलों का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों से जानकारी ली तथा बीएसएल की महिला कर्मियों से भी मुलाकात की। अपराह्न में सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश तथा निदेशक प्रभारी अतनु भौमिक ने डॉ अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। बोकारो निवास में आयोजित बैठकों में उन्होंने बीएसएल के युवा प्रबंधकों और ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों से विभिन्न पहलुओं पर चर्चा के अलावे वरीय अधिकारियों से भी अलग से बैठक कर उत्पादन परियोजनाएं व अन्य विषयों की समीक्षा की।

## लाभुकों को मिला जाति प्रमाण पत्र

**धनबाद।** निरसा प्रखंड के खुशरी पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पंचायत की आशा गोराई को ऑन द स्पॉट जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र मिला। प्रमाण पत्र की स्वीकृति मिलने के बाद उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया। लाभुकों ने माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे बहुत दिनों से जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र के लिए बनवाने के लिए परेशान थे।

## ऑन द स्पॉट हुआ जन्म प्रमाण पत्र का वितरण

**धनबाद।** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में 24 नवंबर से शुरू हुए आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान आज चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड नं 8 में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वार्ड नं 8 के निवासी उज्जवल गोराई को ऑन द स्पॉट उनके बेटे का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। लाभुक उज्जवल गोराई ने बताया कि दिनांक 06 नवंबर 2017 को उनके बेटे ओम गोराई का जन्म हुआ था। उन्होंने कहा कि जब उन्हें पता चला कि उनके वार्ड में 06 दिसंबर को आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वारा के तहत शिविर का आयोजन किया जाएगा तब उन्होंने शिविर में आवेदन देने का मन बनाया। आज सुबह शिविर में पहुंचकर उन्होंने जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवश्यक कागजात के साथ जमा किया। लगभग 1 घंटे में उनके बेटे का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत हो गया। शिविर में उपस्थित कार्यपालक पदाधिकारी श्री संदीप पासवान, नगर प्रबंधक मुकेश निरंजन सहित अन्य लोगों ने उन्हें कल्याण मंच से प्रमाण पत्र सुपुर्द किया। अपने बेटे का ऑन द स्पॉट जन्म प्रमाण पत्र मिल जाने से लाभुक ने माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया।

## भीएसएस कर्मियों को लीज पर आवास दे एफसीआईएल प्रबंधन : लक्की सिंह



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** एफसीआईएल सिंदरी प्रबंधन द्वारा 16 अक्टूबर को जारी नयी आवास नीति को नकारते हुए भाजपा नेता लक्की सिंह ने शहरपुरा स्थित मीरा मोहन उद्यान स्थित कार्यालय में बुधवार को प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि एफसीआईएल प्रबंधन सिंदरीवासियों को आवास लीज पर व्यवसाय के लिए नहीं बल्कि रहने के लिए दे। इनके नेतृत्व में 50 सदस्यीय कमेटी शुक्रवार को एफसीआईएल सिंदरी प्रबंधन को माँगपत्र सौंपेगा। इस नयी आवास नीति की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2023 है। लक्की सिंह ने कहा कि एफसीआईएल प्रबंधन सिंदरी के आवासों में रह रहे लोगों को एसीसी और सेल कंपनी की तरह व्यवसायी नहीं समझे। गरीब जनता को प्रबंधन अतिरिक्त बोझ डालकर डरा रही है। उन्होंने प्रबंधन द्वारा लीज पर सिंदरीवासियों को आवास देने का स्वागत करते हुए कहा कि भीएसएस कर्मियों के लीज आवास नीति की तरह सिंदरीवासियों के लिए एक नीति का निर्धारण होना चाहिए। यहाँ रह रहे निवासी भीएसएस, रिटायर्ड एफसीआईएल कर्मी व आश्रित, मजदूर सहित गरीब लोग क्वार्टर में रह रहे हैं। उनकी तुलना प्रबंधन बड़ी कंपनियों से कर रही है।

## शूटर अमन सिंह हत्याकांड के तीन दिन बाद भी जेल में हो रही सघन छापामारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जेल में बन्द शूटर अमन सिंह की हत्या 3 दिसम्बर को गोली मार कर दिया गया था।अमन सिंह की हत्या के तीन दिन बाद भी जेल के अंदर छापेमारी जारी है। अमन सिंह की हत्या की जांच को लेकर सिटी एसपी अजीत कुमार के नेतृत्व में छापेमारी जांच की जा रही है। वही जेल एआईजी हामिद अख्तर भी जेल की जांच कर रहे है। अमन की प्रेमिका सोनिका कुमारी के पास से मोबाइल मिक्ला है। वही उसी वार्ड में कैद पति की हत्या आरोपी सरस्वती उर्फ मालती टुडू के पास से एक पेन ड्राइव भी मिला है। जेल सूत्र बताते है कि जेल के सभी वार्डो को रविवार से ही बंद कर दिया गया है। समय समय पर वरीय पदाधिकारियों द्वार सघन छापेमारी की जा रही है साथ ही साथ वार्ड के अंदर पानी और भोजन उपलब्ध कराई जा रही है। किसी भी कैदी को बाहर नही निकलने पर अगले आदेश तक रोक लगा दी गई है।

जेल में जितने भी सजायप्ता कैदी है।उनको आज तक सेंट्रल जेल नही भेजा गया। 4 से 5 सालो में यही यही पड़े हुए हैं। जेल सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कि यहां ये सजायप्ता कैदी धन उगाही करने के साथ साथ रंगदारी लेने का काम करते है। सूत्र ये भी बताते हैं कि अमन सिंह के जेल में बनाए गए अस्पताल का 1 नंबर बेड वर्ष 2017 से रिजर्व कर रखा था।

## वार्ड-8 में ऑन द स्पॉट मृत्यु प्रमाण पत्र का हुआ वितरण

**धनबाद।** आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान आज चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड नं 8 में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वार्ड नं 8 के निवासी काजल बाउरी को ऑन द स्पॉट उनकी सास स्व. मोनिका बाउरी का मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। लाभुक ने बताया कि पिछले महीने की 18 तारीख को उनकी सास मोनिका बाउरी का निधन हुआ था। उन्होंने कहा कि जब उन्हें पता चला कि उनके वार्ड में 08 दिसंबर को आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वारा के तहत शिविर का आयोजन किया जाएगा तब उन्होंने शिविर में आवेदन देने का मन बनाया। आज सुबह शिविर में पहुंचकर मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आवेदन आवश्यक कागजात के साथ जमा किया। लगभग 1 घंटे में उनकी सास का मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत हो गया। शिविर में उपस्थित कार्यपालक पदाधिकारी श्री संदीप पासवान, नगर प्रबंधक मुकेश निरंजन सहित अन्य लोगों ने उन्हें प्रमाण पत्र सुपुर्द किया।

## स्व. मोहन रवि की पुण्यतिथि पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/फुसरो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 24 के मद्युकनारी में मंगलवार को समाजसेवी स्वं मोहन रवि की पुण्यतिथि पर समारोह का आयोजन किया गयाण कार्यक्रम उनके पुत्र मुकेश रवि के आवास पर आयोजित की गईण यहाँ क्षेत्र के समाजसेवियोंए प्रबुद्धजनोंए शुभचिंतकों व राजनीतिक दल के लोगो ने समाजसेवी स्वण मोहन रवि की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद कियाण इस दौरान लोगो ने दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें नमन कियाण वक्ताओ ने कहा कि उनके द्वारा लगातार किए गए सामाजिक कार्यों का ही प्रतिफल है कि इतनी बड़ी संख्या में लोग उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने आए हैंण कहा कि जिनके कर्म व विचार अच्छे होते हैंए वे समाज किए जाते हैंण कहा कि स्वर्गीय मोहन रवि सदैव समाज के वंचितोंए पीड़ितों एवं शोषितों के लिए संघर्ष करते थेण वास्तव में वह एक सच्चे धर्मपरायण लोकसेवक एवं समाजसेवक थे। मौके पर दिवंगत की पत्नी मुनकी देवी भीम आर्मी बोकारो जिला अध्यक्ष गोर्वधन रविदास उर्फ छोटु पूर्व पार्षद प्रतिनिधि उमेश रविदास मोहन रविदास राजेंद्र रविदासए अजय रविदास आदि मौजूद थे।

## विधायक ने किया परिसंपत्तियों का वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कसमार प्रखंड के बगदा पंचायत में लगे शिविर में गोमिया विधायक लंबोदर महतो व प्रखंड प्रमुख नियोति कुमारी ने संयुक्त रूप से लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र तथा परिसंपत्ति का वितरण किया। शिविर में कुल 1110 आवेदन प्राप्त हुए एवं आम नागरिकों से जुड़े सरकारी विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया जहां लोगों से आवेदन लेकर ऑन द स्पॉट समाधान कर निपटारा किया गया। शिविर में सबसे अधिक आबुआ आवास का आवेदन आया। जिसे पोर्टल पर ऑनलाइन कर रिसिविंग दिया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों का स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां दी गई। वहीं मनरेगा द्वारा बिरसा सिंचाई कूप योजना जाब कार्ड बकरी शेड आदि के आवेदन लिये गये। अंचल कार्यालय द्वारा दाखिल खारिज भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र त्रुटि निराकरण जाति आय आवासीय प्रमाणपत्र के आवेदन लिये गये। शिविर में जिला नोडल पदाधिकारी मनीषा वत्स नहीं पहुंची। वहीं कसमार बीडीओ अनिल कुमार थाना प्रभारी उज्जवल पाण्डेय चिकित्सा प्रभारी बीपी गुप्ता डीएसओ जीतेंद्र भगत पंचायत सेवक कालीपद शर्मा रोजगार सेवक अनिल कुमार अनुज पाल समेत सभी विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## 67वें परिनिर्वाण दिवस पर याद किये गये डॉ अंबेडकर



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद/ झरिया।** बुधवार को भारत रत्न बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी का 67 वां परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर धनबाद जिला झरिया विधानसभा अंतर्गत डिगवाडीह सि एम एफ आर आई नालंदा गेट के पास बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में आए आम आदमी पार्टी के जिला महासचिव मदन राम ने अपने बात रखते हुए कहा कि बाबा साहब अपने त्याग और बलिदान से सशक्त संविधान हमारे देश को दिया है। तथा आज के रिमझिम मौसम को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि बाबा साहब के याद पर प्रकृति भी आंसू बहा रहे हैं। माल्यार्पण के कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी पार्टी के धनबाद जिला महासचिव मदन राम आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष समरेंद्र पासवान, राजू हरि, मोहम्मद साहेब सेख डबलू अंसारी, वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, मनोज गुप्ता, विवेक कुमार गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# बाबा साहेब ने हर वर्ग को एक माला में पिरोया : जीएम

**ढोरी जीएम कार्यालय में मनी बाबा साहेब की पुण्यतिथि**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** भारत रत्न बाबासाहेब अंबेडकर की पुण्यतिथि बुधवार को सीसीएल ढोरी जीएम कार्यालय मे मनाई गई। इस मौके पर सीसीएल ढोरी जीएम के मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। जिसमें बाबासाहेब अंबेडकर के विचारों का महत्वपूर्ण योगदान है। वे अपना पूरा जीवन देश के लिए समर्पित कर दिए। उनसे हम सभी को प्रेरणा लेने की जरूरत है। हमें अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। सीसीएल का उद्देश्य देश की ऊर्जा की आवश्यकता को पूरा करना है। कंपनी का जो लक्ष्य मिला है। उसे हम सभी को मिलकर पूरा करना है। कहा कि बाबा साहेब ने हर वर्ग को एक माला में पिरोया है। इस मौके पर ढ़ोरी एसओपी प्रतुल कुमार एसओसी उज्जवल कुमार एसओ ईएंडएम जयशंकर प्रसाद सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार एएफएम राजीव कुमार अरूण कुमार सहित यूनियन प्रतिनिधि आर उनेशए विनय कुमार सिंह कई लोग मौजूद हुए। सभी लोगों ने एक साथ डॉ भीमराव अंबेडकर के बताये रास्ते पर चलने का संकल्प भी लिया।

## डीवीसी चंद्रपुरा में मनाई गई डॉ अंबेडकर की पुण्यतिथि



**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन द्वारा आयोजित डॉ भीमराव अंबेडकर के 67वां महापरिनिर्वाण दिवस पर यहां के तेजस भवन स्थित सम्मेलन कक्ष और अंबेडकर भवन स्थित डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर डीवीसी के अधिकारियों और कर्मचारियो द्वारा माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया। मौके पर वरिष्ठ जीएम व परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर ने बाबा साहब की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि दामोदर घाटी निगम के स्थापना में डॉ अंबेडकर की भूमिका महत्वपूर्ण थी। हम सब को उनके मार्गदर्शन पर चलकर समाज और देश को और अधिक उन्नति की ओर ले जाना चाहिए। समारोह में जीएम अभिजीत घोष पीके मिश्रा डीजीएम प्रशासन टीटी दास केएम प्रियदर्शी रवि रंजन राजीव रंजन ओझा एलपी गुप्ता कंचन स्मित टोप्पो रविंद्र कुमार अरविंद कुमार बादल महली तपन दास रामकुमार दुबे अक्षय कुमार अजय कुमार सिंह ध्रुव कुमार विपत मांझी साकिब राजा अजीत कुमार देव लक्ष्मण प्रसाद रूपचंद सोरेन महेंद्र कुमार दिवाकर दास संजय कुमार बलदेव राम रमेश कुमार रजक सतीश कुमार अमरेंद्र कुमार अमन टोपनो कुलजीत कुमार आदि शामिल थे।

# महिला को शिक्षा से वंचित रखना सबसे बड़ी लैंगिक हिंसा : उपायुक्त

- सामुदाय आधारित अभियान नई चेतना सह-डायन प्रथा उन्मूलन हेतु एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**





एकदिवसीय जागरूकता कार्यशाला में उपस्थित पदाधिकारियों और अन्य लोगों को संबोधित करते उपायुक्त।

**लोहरदगा।** महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग एवं जेएसएलपीएस लोहरदगा के संयुक्त तत्वावधान में लिंग हिंसा के खिलाफ सामुदाय आधारित अभियान नई चेतना 2.0 सह डायन प्रथा उन्मूलन हेतु एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला नगर भवन, लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, डालसा सचिव राजेश कुमार समेत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त ने इस मौके पर कहा कि वर्तमान समय में किसी महिला को शिक्षा से वंचित रखना सबसे बड़ी लैंगिक हिंसा है। अगर आप उसे शिक्षा प्राप्त करने का अवसर नहीं दे रहे हैं या उसे रोक रहे हैं तो यह सबसे बड़ी लैंगिक भेदभाव है। मेरा मानना है कि परिवार में जो अवसर पुरूष को मिल रहा है, वह अवसर महिला को भी मिलना चाहिए। एक महिला परिवार को संवारने का कार्य करती है। अगर हम उसे शिक्षा प्राप्त करने से रोकेंगे तो यह उसके वजूद को खत्म करने जैसा होगा। लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने से रोकना नहीं है, इसकी जिम्मेवारी हम सभी को लेनी होगी।

महिलाओं को चाहिए कि वे आर्थिक रूप से स्वतंत्र हों। लोहरदगा जिला में जेएसएलपीएस का कार्य बेहतर हुआ है। पूर्व के वर्षों में भी यहां बेहतर कार्य होता रहा है जिसमें महिलाएं बढ़-चढ कर हिस्सा लेती हैं। उपायुक्त ने कहा कि महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए कानून में जो प्रावधान हैं उसकी जानकारी सभी को होना चाहिए। साथ ही इसकी जानकारी अन्य को भी दें।

**विधिक सेवा अवश्य लें : सचिव, डालसा**

डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि लोहरदगा जिला में महिलाओं के उत्थान व उनके हितों की रक्षा के लिए जिला प्रशासन, पुलिस, डालसा, जेएसएलपीएस, एनजीओ समेत कई संस्थाएं कार्य कर रही है जिन्हें एक मंच पर आने का आज अवसर मिला है। एक सभी संगठित रूप से कार्य करें तो इसका बहुत सफल परिणाम निकलेगा।

## महिला संबंधी कानूनों की जानकारी का अभाव : एसपी हारिस बिन जमां

पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा ने कहा कि लोगों में महिला हितों की रक्षा के लिए बनाये गये कानून की जानकारी का अभाव है। महिला हिंसा से संबंधित कार्रवाई के लिए कई तरह की सुविधाएं कानून की ओर से दी गई हैं। महिलाओं के प्रति भेदभाव घरों से ही शुरू होती है। हम यह संकल्प लें कि लैंगिक भेदभाव अपने घर व अपने आसपास पनपने नहीं दें। उन्होंने कहा कि अगर किसी महिला को डायन कह कर प्रताड़िता किया जाता है तो इसके सजा व दण्ड का प्रावधान किये गये हैं। अगर ऐसा कोई मामला संज्ञान में आता है अपने नजदीकी थाना में जरूर संपर्क करें। हर थाने में महिला पुलिस कर्मी या पदाधिकारी होते हैं। अपनी बता वहां रखें। आपको पूरा न्याय मिलेगा। पुलिस ऐसे मामलों पर पूरी तरह संवेदनशील है। थानों में काउंसलिंग समेत अन्य सुविधा उपलब्ध हैं।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को गंभीरता से लें अधिकारी : डीसी

- जिले में संचालित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों के साथ डीसी ने की समीक्षा बैठक
- सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में हेल्प डेस्क लाने व फार्म वहीं पर वितरण करने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में निर्देश देते उपायुक्त।

**गुमला।** उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत एक विशेष समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों में आयोजित होने वाले शिविर के नोडल पदाधिकारी, संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं वीडियो कॉल के माध्यम से सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी शामिल रहें। जिले में संचालित सरकार आपके द्वार शिविर के सफल क्रियान्वयन एवं अब तक के परिणामों को देखते हुए उपायुक्त ने सभी वरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने उनके द्वारा विभिन्न प्रखंडों में आयोजित शिविरों में भ्रमण के क्रम में पाये गये कमियों को साझा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि शिवर में एक हेल्प डेस्क लगाया जाये। जहां विभिन्न विभागों के एक कर्मी नियुक्त होंगे। जिनके द्वारा शिविर एवं उनके विभाग के विभिन्न योजनाओं के विषय में जानकारी दी जायेगी। साथ ही हेल्प डेस्क में विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन फॉर्म भी होंगे। जिससे आम जनों को एक ही स्थान से सभी मुख्य योजनाओं की जानकारी एवं फॉर्म मिल सके। इसके साथ ही शिविर में लगे काउंटर की नंबरिंग करने की भी बात कही। उपायुक्त ने सभी प्रखंडों में शिविरों के लिए नोडल पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किये।

# फीफा नियमों को अपनाकर प्रदर्शन करें खिलाड़ी,सफलता अवश्य मिलेगी: एसपी

- सत्रहवां अंतर जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का एसपी हारिस बिन जमां और झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सम्बोधित करते एसपी।

**सेन्हा।** जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत सीठियो खेल मैदान में आदिवासी अखड़ा समिति सीठियो के तत्वावधान में 17वां कार्तिक उरांव अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिले के पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां, विशिष्ट अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद, जिला परिषद सदस्य सेन्हा राधा तिर्की, मुखिया शोभा देवी, आदिवासी अखड़ा समिति के अध्यक्ष फुलदेव उरांव, साजिद अहमद चंगू, समाजसेवी मुजिबुल रहमान, राजा सहित अन्य के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं स्व कार्तिक उरांव के चित्र पर माल्यार्पण कर खेल का उद्घाटन किया गया।

मौके पर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के सीठियो गांव स्थित खेल मैदान में अंतरराष्ट्रीय स्तर के नियम फीफा के साथ फुटबॉल खेल खेलें है दोनों टीमों का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा खेल में हार जीत एक प्रक्रिया है जो लगा रहता है। एसपी हारिस बिन जमां ने कहा कि मेहनत करते रहने से सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने कहा कि बच्चे खेल के साथ पढ़ाई नियमित रूप से करते रहें और जीवन के मुश्किल से लड़ना सीखें पढ़ाई और खेल जीवन को बेहतर बनाता है।

## डालसा ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम और निपटारा अधिनियम 2013 पर दिया प्रशिक्षण

- कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम और निपटारा अधिनियम 2013 पर डालसा ने दिया प्रशिक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा द्वारा सिविल कोर्ट परिसर स्थित सभागार में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के रोकथाम और निपटारा संबंधित कानून यानी पोस एक्ट, 2013 को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम के द्वारा जेएसएलपीएस के सभी पदाधिकारी, कर्मचारियों एवं डालसा पीएलवी को प्रशिक्षक इंद्राणी कुजूर (एलएडीसीएस की पैनल अधिवक्ता भी हैं) ने प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल, डालसा सचिव राजेश कुमार एवं जेएसएलपीएस के डीपीएम अनिता केरकेट्टा, विनोद होरो के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि 10 या 10 से ज्यादा कर्मियों वाले कार्यालय में पोस कमेटी का गठन होना अनिवार्य है।

## आठ किलो गांजा के साथ घाघरा पुलिस ने किया एक को गिरफ्तार

- उड़ीसा के राउरकेला से गांजा खरीद कर बिहार ले जा रहा था युवक, एसपी ने प्रेस कान्फ्रेंस कर दी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** घाघरा पुलिस ने 8 किलो 300 ग्राम गांजे के साथ एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्ति की है। गिरफ्तार अभियुक्त दीपक कुमार बिहार राज्य के सासाराम चेनारी का रहने वाला है। जिसे बुधवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से पुलिस ने एक मोबाईल बरामद किया है। बुधवार को एसपी हरविंदर सिंह अपने कार्यालय परिसर में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिलीि क घाघरा थाना क्षेत्र के चांदनी चौक में एक युवक हरे रंग का बड़ा बैग लिया हुआ है। जिसमें गांजा है। सूचना के उपरांत अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष कुमार लाल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम मामले को लेकर जब चांदनी चौक पहुंची तो पुलिस को देखकर एक युवक भागने लगा। जिसे जवानों ने दौड़कर पकड़ा।

### नामांकन प्रक्रिया हुआ आरंभ

**गुमला।** संध्यारानी ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल पालकोट रोड गुमला में नये सत्र 2024-25 के लिए कक्षा बेबी नर्सरी, नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी, व कक्षा एक से लेकर आठ तक नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। नामांकन फार्म विद्यालय में उपलब्ध है। इच्छुक लोग कार्यालय अवधि में आकर नामांकन फार्म प्राप्त कर सकते हैं। यह जानकारी विद्यालय के निदेशक संजय कुमार गुप्ता ने दी।

### अध्यक्ष की हत्या के विरोध में प्रदर्शन आज

**गुमला।** राष्ट्रीय करनी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की जघन्य हत्या पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ जिला गुमला ने कड़ी निंदा की है। साथ ही राजस्थान सरकार से मांग की है कि हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार कर कड़ी सजा दे। उनकी हत्या के विरोध में 7 दिसंबर को क्षत्रिय महासंघ जिला गुमला विरोध प्रदर्शन करेगा। जिसमें क्षत्रिय समाज के सभी लोगों से भाग लेने की अपील की गयी है। जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी मनमोहन सिंह ने दी है।

### लाइफ लाइन संस्थान के सदस्यों ने किया रक्तदान

**गुमला।** लाइफ लाइन संस्थान के सदस्य अशोक त्रिपाठी और मनीष कुमार सिंह ने बुधवार को मरीज की जीवन रक्षा को लेकर सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान किया। मौके पर अशोक त्रिपाठी ने कहा रक्त ऐसी चीज है जिससे एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को जीवनदान दे सकता है। हम सब को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इससे कई शारीरिक फायदे हैं। इस मौके पर लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार, रोहित खंडेलवाल उपस्थित थे।

### नाली निर्माण में गुणवत्ता का रखें ध्यान : राधा तिर्की



**सेन्हा-लोहरदगा।** पक्की नाली निर्माण कार्य आरंभ के पूर्व विधिवत आदिवासी रीति रिवाज के तहत पूजन कर जिप सदस्य ने शिलान्यास किया। प्रखंड क्षेत्र के सेन्हा पंचायत ग्राम स्थित आदिवासी मुहल्ला में 15वें वित्त जिला योजना मद से एक हजार फीट तक 10 लाख की लागत से आंगनबाड़ी केंद्र से लीची बगान तक पक्की नाली निर्माण कार्य कराया जाना है। निर्माण कार्य से पूर्व जिसका शिलान्यास बुधवार को गांव के पुजार चमरू उरांव ने आदिवासी रीति रिवाज के साथ पूजन किया। इसके उपरांत जिप सदस्य राधा तिर्की द्वारा नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया गया। मौके पर राधा तिर्की ने कहा कि ग्रामीणों के लंबे समय से मांग था की बरसात के दिनों में गांव का पानी सड़क पर बहता है। इस लिये ग्रामीणों की मांग पर यह योजना का चयन हुआ है। वही चयनियत पक्की नाली योजना निर्माण में संवेदक गुणवक्ता समय से पूर्ण करें और स्थानीय मजदूर को काम दें। तथा गुणवत्ता का ख्याल रखेंगे साथ ही गांव की जनता विकास कार्य में सहयोग करें।

## जिप सदस्य ने डीसी से की जर्जर पुलिया जल्द बनवाने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**किस्को।** प्रखंड के आरेया से हिसरी के बीच में हिसरी पंचायत के अंतर्गत रास्ते में पूलिया की हालत बहुत ही जर्जर है जिसके कर कभी भी दुर्घटना हो सकती है साथ ही आवागमन बाधित हो सकता है। जर्जर पुलिया के कारक आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। ग्रामीणों ने किसी तरह डायवर्सन बनाकर रास्ता निकाला है लेकिन बरसात में रास्ता पूर्ण रूप से बंद रहता है। इस पुलिया को लेकर कई बार प्रशासन को अवगत कराया गया है, बावजूद अब तक किसी ने सुधि नहीं ली है। इस जर्जर पुलिया को लेकर किसको जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार ने कहा है की इस पुलिया के जिन को लेकर जल्द वो करवाई करेंगे साथ ही प्रशासन को इसकी स्थिति से अवगत कराते हुए जल्द कार्य किया जायेगा।

## पुस्तक मेला की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने की बैठक, दिये निर्देश

**गुमला।** जिले में 8 एवं 9 दिसंबर को जिला स्तरीय पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के कई सम्मानित अतिथि गेस्ट शामिल होंगे। पुस्तक मेले में आने वाले अतिथियों को जिला आगमन में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। जिसको लेकर उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी अतिथियों के लिए एक एक लाइजनिंग ऑफिसर को नियुक्त किया गया।

## अंतिम क्षण तक दलितों के लिए लड़े बाबा साहब : चैतु उरांव

- पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी ने किया बाबा साहब भीम राव अंबेडकर को नमन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा बुधवार को गुमला स्टेडियम के मुख्य द्वार में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में स्थित महू में 14 अप्रैल 1891 में हुआ था। डॉ भीमराव अंबेडकर जाति से दलित थे। उनकी जाति को अछूत जाति माना जाता था। इसलिए उनका बचपन बहुत ही मुश्किलों में व्यतीत हुआ था। बाबा साहेब अंबेडकर सहित सभी निम्न जाति के लोगों को सामाजिक बहिष्कार, अपमान और भेदभाव का सामना करना पड़ता था।

# पुस्तकालय का लाभ उठाने के लिए बच्चों को करें प्रेरित : पीतांबर झा

- सिसई प्रखंड के शहीद तेलंगा खड़िया पुस्तकालय संचालन समिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में शामिल लोग।

**सिसई।** प्रखंड के शहीद तेलंगा खड़िया पुस्तकालय में बुधवार को संचालन समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त शिक्षक पीताम्बर झा ने किया। बैठक में छात्रों की संख्या बढ़ाने और पुस्तकालय के लिए धनोपार्जन करने को लेकर चर्चा की गई। पीताम्बर झा ने कहा कि हम सभी का सौभाग्य है कि क्षेत्र के बच्चों का भविष्य संवारने में हमलोगों को योगदान करने का मौका मिला है। पुस्तकालय में सभी तरह के प्रतियोगिता से संबंधित पुस्तक उपलब्ध है। बहुत न्यूनतम शुल्क पर बच्चें पुस्तकालय में अध्ययन कर सकते हैं। हम सबको मिलकर क्षेत्र के बच्चों को पुस्तकालय का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना होगा। साथ ही पुस्तकालय संचालन के लिए धनोपार्जन के लिए भिक्षाटन कर बच्चों को पुस्तकालय में सभी सुविधा देने की आवश्यकता है। उन्होंने सिसई वासियों से बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए पुस्तकालय को दान करने की अपील की है। सर्वसम्मति से जिप सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी व प्रखंड मुख्यालय स्कुल प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष उर्वशी देवी के नेतृत्व में जागरूकता टीम बनाया गया। इनको स्कूल कॉलेज में जाकर छात्रों को पुस्तकालय से संबंधित जानकारी देकर छात्रों को पुस्तकालय में नामांकन कराने के लिए प्रेरित करना होगा। साथ ही धनोपार्जन करने के लिए कार्यकारी अध्यक्ष अघनु खड़िया व रोहित शर्मा के नेतृत्व में भिक्षाटन टीम गठित की गया। मौके पर सीओ नितेश रौशन खलखो, मुखिया शोभा देवी, सुनीता देवी, अघनु खड़िया, दीपक अधिकारी, मनोज वर्मा, चिंतामणि देवी, मंजू देवी, ललिता देवी, उर्वशी देवी व समिति के कई सदस्य उपस्थित थे।

# तीन दिवसीय शिल्प प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का डीसी-एसपी ने किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




शिल्प कला का जायजा लेते डीसी, एसपी।

**लोहरदगा।** वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार और हस्तशिल्प केंद्र, रांची, झारखण्ड की ओर से केंद्रीय विद्यालय, बरही तीन दिवसीय शिल्प प्रदर्शन-सह-जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत हुई। यह कार्यक्रम 06 से 08 दिसंबर 2023 तक चलेगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोग बांस व लाह का उपयोग कर कई प्रकार की शिल्पकारी करते हैं और उत्पाद बनाते हैं। इसके पीछे कई दिनों का प्रशिक्षण और मेहनत होती है। आप सभी को इन शिल्पकारों से सीखना चाहिए। हस्तशिल्प को जिंदा रखना सबसे बड़ी चुनौती है क्योंकि आज प्लास्टिक से बने उत्पाद सस्ते होते हैं। प्रतियोगिता के इस दौर में हस्तशिल्प के उत्पाद को बचाये रखना बहुत बड़ी चुनौती है। यह विचार करना बहुत जरूरी है कि शिल्पकारी को इस प्रतियोगी दौर में जीवित कैसे रखा जाये।

पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि शिल्पकार द्वारा बनाये गये उत्पाद को बढ़ावा मिलना चाहिए। आज बाजार में कई तरह के उत्पाद मौजूद हैं लेकिन शिल्पकार की मेहनत और कारीगारी उसके उत्पाद को एक नया आयाम देती है। इसकी सराहना होती चाहिए।

## स्पीड न्यूज

### एसपी ने किया कामडारा थाना का निरीक्षण



**गुमला।** एसपी हरविंदर सिंह ने बुधवार को कामडारा थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना अभिलेखों का अवलोकन, लाल वारंटी और फरार की गिरफ्तारी सहित मालखाना निष्पादन और जेल से निकले अपराधियों पर निगरानी रखने को कहा। एसपी ने थाना भवन का निरीक्षण कर भवन की स्थिति जानी। एसपी ने पुराने मामलों का त्वरित गति से निष्पादन करने का थाना प्रभारी को निर्देश दिया। मौके पर पुलिस जवानों ने एसपी को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया। मौके पर एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी सहित कई पुलिस पदाधिकारी व कामडारा थाना प्रभारी उपस्थित थे।

### फेसबुक से प्यार, अपहरण, दुष्कर्म...



**कुडू, लोहरदगा।** थाना क्षेत्र में पीड़िता की मां ने कुडू लिखित आवेदन दे कर बताया कि उनकी पुत्री के साथ अपहरण कर दुष्कर्म किया गया है। लड़का-लड़की की पहचान फेसबुक से हुई। इस दौरान नंबर एक दूसरे को दिया और बातचीत शुरू हुई। इस दौरान लड़के ने लड़की को कुडू मिलने के लिए बुलाया और मनिका ले गया एवं तीन दिनों तक उससे दुष्कर्म किया। लड़की मौका देख भागी और अपने घर पहुंच परिवार को सारी बात बतायी। इसे लेकर कांड संख्या 131/23 धारा 363/3 76/ 417/ 504/ 506 के तहत मनिका के चंचल सिंह के पुत्र आर्यन के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### आदिम जनजातियों के बीच बंटे गेहूं बीज



**घाघरा।** चपका डिपा में ग्रामीण विकास विभाग उड़ान परियोजना अंतर्गत 130 आदिम जनजाति के लोगो के बीच बुधवार को गेहूं बीज बांटा गया। वितरण में प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने प्रत्येक लाभुकों को 10 किलो गेहूं बीज दिये। कहा कि गेहूं बीज का आप सभी बेहतर फसल लगाकर खेती कर आमदनी करें। खेती के बेहतर तकनीक से आप फसल लगायें। मौके पर जेएसएलपीएस नागेंद्र सिंह, अशोक असुर, बलिराम असुर, जेमेश असुर, राजेंद्र असुर, सुखराम असुर, फूलचंद असुर, कमला असुर सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मूक-बधिर महिला पहुंची बरही गम्हार टोली



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अंतर्गत बरही गम्हारटोली में लोहरदगा की ओर से ऑटो में बैठ करीब 40 वर्ष की मूक-बधिर महिला भटक कर बरही ग्राम पहुंची, जिसे स्थानीय महिला संगठन ने शरण दिया। विदित हो कि मूक-बधिर होने के कारण नाम-पता बताने में वह असमर्थ है। फिलहाल महिला बरही गम्हारटोली के शुकरू उरांव के घर रह रही है। साथ ही बताया गया कि मौखिक रूप से ग्रामीणो के माध्यम से स्थानीय थाना को सूचना दिया गया है।

### राजभवन के समक्ष आयोजित आंदोलन में शामिल होंगे घाघरा के स्वयंसेवक



**घाघरा।** प्रखंड के स्वयंसेवक राज भवन के समक्ष चल रहे स्वयंसेवकों के आंदोलन में शामिल होने बुधवार को रांची पहुंचे। घाघरा स्वयंसेवक संघ के प्रखंड अध्यक्ष श्याम साहू ने बताया कि रांची राज भवन के समक्ष स्वयंसेवकों का आंदोलन विगत 152 दिनों से चल रहा है। आज 153 दिन है। उक्त पारी के हिसाब से आज घाघरा प्रखंड के स्वयंसेवक शामिल हुए हैं। श्री साहू ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा था- बदलो सरकार और पाओ अधिकार लेकिन अभी तक स्वयंसेवक को कोई अधिकार नहीं मिल रहा है। कहा कि 15 दिसंबर तक मांगें पूरी नहीं हुई तो 2024 में हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए सभी नौजवान साथी तैयार रहेंगे। प्रदर्शन में पवन साहू, सोमा उराव, देवानंद भगत, खुटवा उरांव, पूनम कुमारी, वीरेंद्र गोप, राजेश महतो, बालकृष्ण निषाद, अभिषेक भगत, उदय उरांव शामिल है।

### चक्रवाती तूफान के कारण बढ़ी ठंड

**गुमला।** चक्रवाती तूफान माइचौंग के कारण जिले का मौसम पूरी तरह परिवर्तित हो गया है। अचानक पूरे जिले में ठंड का प्रभाव बढ़ गया है। दो दिनों से हो रही रिमझिम बारिश से जहां शीतलहर तेज हो गयी। वहीं ठंड से शाम ढलते ही शहर की सड़कें वीरान हो जा रही हैं। तीन दिन पूर्व तक जिले में ठंड का कोई प्रभाव नहीं था। लेकिन चक्रवाती तूफान से अचानक जिले का तापमान गिर गया और ठंड लोगों को घरों पर रहने को मजबूर कर दिया। लोगों ने जिला प्रशासन व नप के पदाधिकारी से अलाव की व्यवस्था करने को कहा है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की दर्दनाक मौत



**सेन्हा-लोहरदगा।** अरु पंचायत के कल्हेपाट जगन ढोडा के समीप देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की घटने स्थल पर ही मौत हो गयी। सुबह सूचना मिलने पर पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गयी। जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है की कल्हेपाट जगन ढोडा के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से सड़क दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना देर रात का बताया जा रहा है। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी अभिनव कुमार को मिलते ही उनके निर्देश पर पुआनि गणेश कुमार यादव दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया।

## ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**बारियातू।** बारियातू थाना अंतर्गत श्री राम मंदिर के समिप मुख्य मार्ग एन एच बाईस पर मंगलवार रात्रि दश बजे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर। जिससे बाइक सवार मनीष उरांव उम्र 15 वर्ष पिता पुलिया उरांव ग्राम चंदवा चिरो निवासी का दाहिना पैर पुट गया व दाहिना हाथ का अंगूली कट कर अलग हो गया। वहीं प्रदीप उरांव 16 वर्ष पिता फुलदेव उरांव चंदवा चिरो निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रदीप उरांव ने बताया कि हम दोनों अपने घर से अपने मामा के घर बारियातू नाचना जा रहे थे। इसी क्रम में विपरित दिशा से आ रही ट्रक ने टक्कर मार कर भागने में सफल रहा। घटना की सुचना मिलते ही बारियातू थाना एएसआई बालेश्वर गंझू ने सह दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच कर ग्रामीणों के सहयोग से 108 एंबुलेंस से बालूमाथ अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात दोनों को रिम्स रेफर कर दिया गया। ज्ञात हो कि दोनों ने हैमलेट नहीं पहना था।

### सब जोनल कमांडर चेरो नक्सली छोटू खरवार के दस्ते में रह चुका है सदस्य

# 5 लाख का इनामी माओवादी प्रदीप सिंह चेरो गिरफ्तार

➲ गिरफ्तार माओवादी के खिलाफ दर्ज हैं लगभग दो दर्जन आपराधिक मामले


प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसपी अंजनी अंजन।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन के कुशल नेतृत्व के लातेहार पुलिस की टीम ने भाकपा माओवादी संगठन के खिलाफ बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए 5 लाख ईनामी माओवादी के सब जोनल कमांडर प्रदीप सिंह चेरो को पकड़ने में सफलता पाई है। 5 लाख की ईनामी भाकपा माओवादी के सब जोनल कमांडर प्रदीप सिंह चेरो पिता उपेंद्र सिंह चेरो (बरियातू जागीर) की गिरफ्तारी सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरियातू जागीर जंगल से हुई है। बुधवार को लातेहार एसपी कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सब जोनल कमांडर प्रदीप सिंह चेरो अपने परिजनों से मिलने गांव आया हुआ है, व बरियातू के जागीर के जंगल में छुपा हुआ है। सूचना के आलोक में लातेहार एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र की अगुवाई में छापेमारी दल का गठन किया गया। अभियान के क्रम में टीम जैसे ही जागीर जंगल पहुंची, पुलिस को देखते ही प्रदीप सिंह भागने लगा। जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। एसपी श्री अंजन आगे बताया कि प्रदीप सिंह चेरो का अपराधिक इतिहास रहा है। भाकपा माओवादी के खूंखार नक्सली छोटू खरवार के दस्ते में काम करता था, वह बूढ़ा पहाड़ समेत लातेहार जिले में काफी सक्रिय रहा है, उसकी गिरफ्तारी से छोटू खरवार के दस्त समेत भाकपा माओवादी को बड़ा झटका लगा है। एसपी ने यह भी बताया कि प्रदीप सिंह चेरो मूल रूप से लातेहार के होने के कारण आसपास के इलाकों की अच्छी जानकारी व पकड़ रखता था। इसलिए दस्ता को हमेशा वही लीड करता था। उसकी गिरफ्तारी पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि है।

**प्रदीप सिंह चिरो के खिलाफ दर्ज है 23 आपराधिक मामले**

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार भाकपा माओवादी के सब जोनल कमांडर प्रदीप सिंह चेरो के खिलाफ विभिन्न स्थानों में कुल 23 आपराधिक मामले दर्ज है। प्रदीप के खिलाफ गारू थाना में आठ, बरेसाढ थाना में छह, महुआडांड़ में दो, पेशरार में तीन, मनिका, हेरहंज, लातेहार व छिपादोहार थाना में एक-एक मामला दर्ज है।

**छापेमारी अभियान में ये थे शामिल**

अभियान में एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र, लातेहार पुनि सह थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, पुअनि गौरव सिंह, राज रोशन सिन्हा, मो. शाहरुख, रोहित कुमार महतो, दिवाकर धोबी, देवानंद कुमार, सअनि कुबेर प्रसाद देव, नागेश्वर महतो, निर्मल बेक, सैट-1 व थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनें ग्रामीण : राकेश सहाय


शिविर का उद्घाटन करते बीडीओ व अन्य।

➲ 1811 में 465 अबुआ आवास के लिए ग्रामीणों ने दिये आवेदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के खुरा पंचायत में बुधवार को आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, मुखिया जितेंद्र सिंह, उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल, बीस सूत्री सदस्य शशि भूषण तिवारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह उर्फ पिंटू और कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि बिरेंद्र राम आदि के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। सुबह से हो रही बेमौसम मूसलाधार बारिश के बीच हजारों की संख्या में ग्रामीण शिविर में पहुंचे। जहां बीडीओ ने सभी ग्रामीणों का स्वागत करते हुए उनसे शिविर का लाभ उठाने की अपील की। बीडीओ श्री सहाय ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें यही सरकार की सोच है। ग्रामीण सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनें। शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाए थे। वहीं बारिश के बीच ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसे लेकर वाटर प्रूफ टेंट आदि की व्यवस्था कराई गई थी। मौके पर सीडीपीओ अनिता कुमारी, आपूर्ति पदाधिकारी अनुज शरण, पशुपालन पदाधिकारी प्रमोद कुमार, बीपीओ त्रिवेणी राम, आवास योजना के प्रखंड समन्वयक दीपक कुमार, ऑपरेटर विजय कुमार पप्पू, रवि कांत रवि, राजस्व कर्मचारी सुरेश राम, शिशुपाल कुमार और सहायक अभियंता सुधीर कुमार समेत सभी विभागों के पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

# शिक्षा विभाग में मनमाने तरीके से चल रहा है ट्रांसफर-पोस्टिंग का खेल



➲ तबादले के महज कुछ महीनों के अंदर अनुबंध कर्मियों को मनचाहे ब्लॉक में हुई वापसी

➲ शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली लातेहार जिले में बन गया है चर्चा का विषय

**राजेश प्रसाद**

**लातेहार।** लातेहार जिला शिक्षा विभाग में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत कार्यरत अनुबंध कर्मियों को उनके मनमाफिक प्रखंडो में ट्रांसफर पोस्टिंग करने का खेल चल रहा है। एक तरफ जहां लातेहार जिले अंतर्गत कई ब्लॉक में पिछले आठ से दस वर्षो से कई अनुबंध कर्मी जमें हुए है। शिकायत के बावजूद भी संबंधित अधिकारियों द्वारा उनकी ट्रांसफर पोस्टिंग नहीं जाती है। ऐसे में यह सवाल उठने लगा है कि आखिर शिक्षा विभाग में अनुबंध कर्मियों के ट्रांसफर पोस्टिंग का आधार क्या है, अगर यह एक सामान्य प्रक्रिया है तो वर्षो से एक ही ब्लॉक में जमे हुए कर्मियों का ट्रांसफर क्यों नहीं किया जाता हैं, जबकि जानकारों की माने तो भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने को लेकर दो से तीन वर्षो में कर्मियों को इधर उधर किया जाना बेहद अनिवार्य है।

### शिक्षा विभाग में ट्रांसफर पोस्टिंग का क्या है आधार, उठ रहे सवाल

जानकारी देते चलें कि विगत कुछ माह पूर्व तत्कालीन उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में लातेहार जिले के कई प्रखण्ड अंतर्गत शिक्षा विभाग में कार्यरत संविदा कर्मियों (एकाउंटेंट, कंप्यूटर ऑपरेटर, सीआरपी) आदि का स्थानांतरण जिले के दूसरे अन्य प्रखंडों में किया गया था। परंतु इसके कुछ ही माह के अंदर अधिकारियों के चहेते कर्मियों ने विभागीय मिलीभगत से अपने मनमाफिक पूर्व स्थान पर वापसी करा ली है। इसे लेकर जिला शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी कर कर्मियों को अपने संकुल साधन केंद्र में योगदान देने के निर्देश जारी किया गया है। जिसके बाद शिक्षा विभाग की यह कार्यप्रणाली जिले में चर्चा का विषय बन गई हैं।

### क्या कहते है जिला शिक्षा पदाधिकारी

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी प्रिंस कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अनुबंध कर्मियों का स्थानांतरण नहीं किया गया है, बल्कि डिप्टेशन (अस्थाई रूप से प्रतिनियुक्त) किया गया है। लेकिन ऐसा क्यों और किस कारण से किया गया है, ऐसे कई सवालों का जवाब उन्होंने नहीं दिया।

## एक नजर में

### भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने भू अधिग्रहण के उचित मुआवजा की मांग को लेकर नितिन गडकरी से की मुलाकात


मुलाकात करते छोटू राजा।

**लातेहार।** लातेहार भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष छोटू राजा के नेतृत्व में प्रतिमंडल ने भारत सरकार के सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर राष्ट्रीय मार्ग निर्माण में लातेहार जिला में हो रहे भु -अधिग्रहण को उचित मुआवजा की मांग की गई है। उन्होंने आस्वस्थ किया कि आप सभी की मांगों पर सकारात्मक रूप से विचार किया जाएगा और साथ ही गढ़वा बाईपास निर्माण हो रहे असंवैधानिक निर्माण को भी वैधानिक रूप से निर्माण करने की मांग की गई है। मौके पर युवा मोर्चा उपाध्यक्ष सुमंत यादव, जिला सोशल मीडिया प्रभारी आदित्य कुमार, किसान मोर्चा मीडिया प्रभारी दिलीप यादव, इंद्रजीत यादव उपस्थित थे।

### कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिगन कुमार की दादी फूलमती देवी का हुआ निधन, शोक

**बारियातू।** कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिगन कुमार की दादी फूलमती देवी 90 का बुधवार सुबह 9 बजे पैतृक आवास बरियातू में निधन हो गया है। जिनके दाह संस्कार बारियातू कडरका नदी मुक्ति धाम किया गया। जहा मुक्तीधाम मे रांची, चतरा, हजारीबाग, लातेहार, चन्दवा, मेदीनिनगर, सहित कई स्थानों से काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन


दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते अतिथि।

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड के घासीटोला पंचायत भवन के प्रांगण में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख अमिता देवी, जिप सदस्य बुधेश्वर उरांव, सीओ सह बीडीओ शम्भु राम, उप प्रमुख सुनील उरांव, मुखिया प्रमिला देवी, सांसद प्रतिनिधि सुनील प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि अख्तर हुसैन संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिप सदस्य बुधेश्वर उरांव ने कहा की सरकार के महत्वकांक्षी योजना का लाभ हर जरूरतमंद लोगों को दिया जाएगा। वही सीओ सह बीडीओ शम्भु राम ने सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तार पूर्वक जानकारियां दिए। वही इस शिविर में परिसंपत्ति का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विजय कुमार पासवान, डाक्टर मिरा कुमारी, सीडीपीओ, पंचायत सचिव तिलक बैठा, जितेंद्र कुमार पाठक, अनु कुमारी, रोजगार सेवक, धनदेव सिंह, लालमुनि तिवारी, इन्दुमति खलखो, रौशन कुमार, ऑपरेटर मुकेश कुमार, सिद्धार्थ कुमार समेत अन्य कर्मी व सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## चंदवा में सम्मानित किये गये कारसेवक



➲ महेंद्र साहू और रामप्रसाद साहू ने बतायी 6 दिसंबर 1992 की गाथा

**चंदवा।** चंदवा के युवाओं के द्वारा संजीव आजाद की अध्यक्षता में शौर्य दिवस मनाया गया। इस मौके पर 1992 में कारसेवा करने अयोध्या गए कारसेवकों का स्वागत और अभिनंदन चंदवा स्थित पथ निर्माण के विश्रामगार में किया गया। मौजूद कारसेवक महेंद्र प्रसाद साहू, रामप्रसाद साहू, महेश लोहरा और रमेश उरांव को भगवा अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित लोगो के बीच महेंद्र साहू ने शौर्य दिवस की चर्चा की। उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर निर्माण में कारसेवकों का बलिदान नीवं की ईंट के समान है। भव्य रामलला का मंदिर इस निर्माण होना बलिदान को प्रतीक है। कारसेवकों ने जहां पूरे समाज को एक करने का कार्य किया। वही ढांचा को गिरकर वर्षों पुराने कलंक को मिटाने का भी कार्य किया था। वही रामप्रसाद साहू ने 1992 की घटना की पूरी कहानी बतायी। राम प्रसाद साहू ने कहा कि लाखो कारसेवकों की कारसेवा का ही सफल परिणाम यह विश्व के सामने भव्य श्री राम मंदिर के रूप में तैयार है, 22 जनवरी 2024 को हम सभी की कारसेवा सफल होने वाली है। यह सिर्फ प्रभु श्रीराम की शक्ति से ही संभव था। मंच संचालन दीपक निषाद जबकि धन्यवाद ज्ञापन बिनय रिक्की कुमार ने किया। मौके पर रवि गंझू, कुलमान साव, अनूप साहनी, शिवकेश्वर यादव, प्रदीप ठाकुर, सेठी सिंह, पवन गुप्ता, छोटू कुमार, कृष्णा कुमार, सूर्यनारायण साहू, उदय कुमार, अजय कुमार, रविराज समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**1992 में ये लोग गए थे कारसेवा में :** महेंद्र प्रसाद साहू, रामप्रसाद साहू, महेश लोहरा, रमेश उरांव, सुखु मिस्त्री, स्व. जहिन्द्र साव, स्व. महेश्वर साव, स्व. अशोक सिंह शामिल थे।

## एडीआरएम ने बरवाडीह एआरटी, रनिंग रूम और लोको कार्यालय का किया निरीक्षण


एडीआरएम को समस्याओं से अवगत कराते यूनियन के पदाधिकारी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** धनबाद रेल मंडल के सहायक मंडल रेल प्रबंधक (एडीआरएम) विनीत कुमार ने बुधवार को सीआईसी सेक्शन अंतर्गत बरवाडीह रेलवे स्टेशन में पहुंच एआरटी, रनिंग रूम और लोको कार्यालय आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को रनिंग रूम और परिसर की साफ- सफाई पर विशेष ध्यान देने और रनिंग कर्मचारियों को समय पर भोजन उपलब्ध कराने तथा रनिंग रूम का माहौल खुशनुमा रहे इसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीनियर डीएमई, एएमई विकास शुक्ला, आईओडबल्यू विवेकानंद बासु, सीनियर डीईएन हंसराज मीना, स्टेशन प्रबंधक अनिल कु दिवेदी और ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। एडीआरएम के निरीक्षण के दौरान ईसीआरकेयू के शाखा सचिव सुनील सिंह के निर्देश पर कार्यकारी अध्यक्ष चंदन कुमार के नेतृत्व में यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल ने एडीआरएम को कॉलोनियों में व्याप्त पानी, बिजली और क्वाटर मरम्मती में अनियमितता समेत कर्मचारियों की अन्य ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराया। जहां एडीआरएम ने मौके पर मौजूद आईओडबल्यू विवेकानंद बासु को फटकार लगाते हुए व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए और आगे से किसी प्रकार की शिकायत मिलने पर कारवाई की बात कही। इस मौके पर युवा सचिव ऋषि राज, आरके मेहता, लव कुमार अभिमान कुमार, मो. ए खान, संजीव कुमार, राजू कुमार, मोहफीज आलम, मनीष कुमार, मनोज सिंह और राहुल कुमार सहित दर्जनों कर्मचारी उपस्थित थे।

## चंदवा पूर्वी पंचायत में आपकी-योजना, आपकी-सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगा शिविर



➲ विभिन्न योजनाओं के लाभुकों में स्वीकृति पत्र, कंबल धोती-साड़ी का किया गया वितरण

**चंदवा।** प्रखंड के चंदवा पूर्वी पंचायत सचिवालय प्रांगण में बुधवार को झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय विकास शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ विजय कुमार, मुखिया रंजीत उरांव, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, झामुमो नेता मो. इजहार, मो. सरफराज, मनरेगा बीपीओ रतन शाहदेव अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के उपरांत अधिकारियों के द्वारा शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉलों की जानकारी दी गयी व विभिन्न योजनाओं के दर्जनों लाभुकों के बीच स्वीकृत पत्र, गरीब असहाय जनों के बीच कम्बल, धोती साड़ी का वितरण किया इधर खराब मौसम होने व लगातार बारिश के बावजूद शिविर में प्रशासन के द्वारा अबुआ आवास, पेंशन, बिजली, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड समेत कई विभागों के द्वारा स्टॉल में योजनाओं का लाभ उठाने को लेकर भारी भिंड देखी गयी। सबसे ज्यादा लोग अबुआ आवास को लेकर आवेदन करते देखे गए।शिविर में सीआई ऋषिदेव कमल, आवास योजना के प्रखण्ड समन्वयक कुश ध्वज कुमार, सांख्यकी पदाधिकारी शिशिर बारला, रितेश कुमार, रोहित मेहता, बिजली विभाग के सुनील कुमार समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पांडेयपुरा पंचायत सचिवालय में लगा शिविर


दीप प्रज्वलित करते अधिकारी और जनप्रतिनिधि।

**लातेहार।** प्रखंड के पाण्डेयपुरा पंचायत सचिवालय प्रांगण में बुधवार को झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिप अध्यक्ष पूनम देवी, डीएसओ रश्मि लकड़ा, बीडीओ मनोज तिवारी, बीपीओ केतन गुप्ता, प्रमुख परशुराम लोहरा, मुखिया संजय उरांव व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया।

**अबुआ आवास समेत विभिन्न योजनाओं के लाभ लेने को लेकर शिविर में उमड़े ग्रामीण :** अतिथियों ने कहा कि आमजनों को संचालित विकास योजनाओं एवं अपनी समस्याओं को लेकर प्रखण्ड व जिला मुख्यालय का चक्कर न काटना पड़े इस उद्देश्य से सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से विभागीय अधिकारी आपके गांव आई है। आप सभी ग्रामीण शिविर का लाभ उठाकर संचालित विकास योजनाओं का लाभ उठाएं। शिविर में मुख्यमंत्री सृजन योजना, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा लोगों को फॉर्म नहीं मिलने से दिखे परेशान। शिशिर में सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण लाभ लेने को पहुंचे थे।

## ट्रेन से यात्रा कर रही महिला का टोरी स्टेशन पर हुआ प्रसव, जच्चा-बच्चा स्वस्थ



**चंदवा।** बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी जंक्शन प्लेटफार्म नंबर 4 पर ट्रेन से यात्रा कर रही प्रसव पीड़ा से जूझ रही महिला ने बच्चे को जन्म दिया। प्रसूति महिला कविता देवी 21 वर्ष पति सुनील भुइयां (सेदरा धवाडीह सतबरवा) बुधवार को कोले स्टेशन से चेटर आने के लिए 03345 बीडी पैसेंजर ट्रेन में अपने पति के साथ बैठी, इस बीच महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हो गयी। असहनीय पीड़ा के बीच महिला किसी प्रकार टोरी स्टेशन पहुंचकर उतर गई। पीड़ा बढ़ता देख पति ने प्लेटफार्म परिसर में तैनात अखिलेश कुमार महतो, दीपक कुमार, रँथु उरांव व टोरी रेल कर्मचारियोंएवं आरपीएफ के अधिकारियों की इसकी सूचना दी। उन्होंने मानवता का परिचय देते हुए इसकी सूचना स्टेशन अधीक्षक रंजीत कुमार, आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार, रामकृष्ण राम, रोहित प्रताप सिंह को दी, जिन्होंने तत्काल इसकी सूचना चंदवा सीएचसी को दी व एम्बुलेंस की मांग की, इसी बीच महिला यात्रियों के सहयोग से स्टेशन परिसर में ही महिला का प्रसव कराया गया जहां महिला से बच्चे को जन्म दिया। जन्म के कुछ ही देर बाद 108 एम्बुलेंस भी स्टेशन पहुंची व रेल कर्मियों ने प्रसूति को सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र भेजा, जहां महिला का उपचार चल रहा रहा है। सीएचसी प्रभारी डॉ नीलिमा कुमारी ने बताया कि दोनो जच्चा बच्चा स्वस्थ्य है। बता दें कि कविता देवी अपने पति सुनील भुइयां के साथ कोले पतरातू स्थित एक ईंट भट्ठे में मजदूरी का काम करती है।

# वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बाइक चोर गिरफ्तार, 9 मोटरसाइकिल बरामद, भेजा गया जेल


प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसपी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने एक बाइक चोर को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार चोर मोहम्मद दिलशाद उर्फ बाबू मियां पिता मोहम्मद नेशार अहमद (मासीयातू, बालूमाथ, लातेहार) का रहने वाला है। पुलिस ने उसके निशानदेही पर चोरी के 9 मोटरसाइकिल बरामद किया है। जिसमें हीरो कंपनी के स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल चार, पैशन प्रो दो, अपाचे, स्प्लेंडर व होंडा शाइन का एक-एक मोटरसाइकिल शामिल है। इसकी जानकारी एसपी अंजनी अंजन ने प्रेसवार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को हेरहंज थाना क्षेत्र के बालूमाथ-पांकी के मुख्य मार्ग पर नवादा चौक के पास बालूमाथ अंचल पुलिस निरीक्षक शशि रंजन के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाई गई। इसी दौरान बिना नंबर के एक मोटरसाइकिल तेज गति से आ रही थी। पुलिस उसे रोकने का इशारा किया तो वह मोटरसाइकिल पीछे घुमाकर भागने लगा। पुलिस ने उसे पीछा कर चालक को गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल के कागजात की मांग की गई। तब वह कागजात दिखने में असमर्थ जताया। पुलिस जब उससे कड़ाई से पूछताछ की तो उसने बताया की उक्त मोटरसाइकिल चोरी की है। इसके बाद उसके निशानदेही पर अलग-अलग जगहों में छापेमारी कर चोरी कर छुपा कर रखें कुल आठ मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। एसपी अंजनी अंजन ने आगे बताया कि गिरफ्तार चोर मोहम्मद दिलशाद एक गिरोह चलाता था। इस गिरोह में शामिल अन्य सदस्य पहले ही जेल जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल चोरी मामले में मोहम्मद दिलशाद 2020 में जेल जा चुका है। इसी दौरान जेल से वह फरार भी हो गया था। जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद वह फिर से मोटरसाइकिल चोरी का काम शुरू किया था। गिरफ्तार मोहम्मद दिलशाद के ऊपर चोरी के कुल 6 मामले दर्ज हैं। जिसमें बालूमाथ थाना में तीन, चंदवा में एक व लातेहार थाना में दो मामले दर्ज हैं। छापेमारी अभियान में बालूमाथ अंचल पुलिस निरीक्षक शशि रंजन कुमार, हेरहंज थाना प्रभारी नीतीश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक विश्वजीत कुमार तिवारी, अशोक कुमार सिंह, सअनि सुबोध कुमार सिंह व थाना के जवान शामिल थे।

## माइचौंग का असर : बारिश से पके हुए धान प्रभावित

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र में मिचौंग का असर से खेत में पक्के हुए धान प्रभावित हो गया है साथ ही नए टमाटर फसल को भी बारिश से कुछ फायदे हुए लेकिन पटवन की गई टमाटर फसल पड़े पैमाने पर प्रभावित हो गया। मंगलवार रात्रि से लगातार बारिश हो रही है जिससे बारियातू, फूलसु, डाढा, गोनिया, अमरवाडीह, टोटी, सिबला, साल्वे बालूभाँग पंचायत सहित कई ग्रामीण क्षेत्र के खेतो में पक्के हुए धान काफी प्रभावित हो गया है साथ खेत खलिहान में भी कटाई की गई धान पर बारिश से काफी असर हुआ है। कई किसान कटाई की गई धान के ऊपर पलास्टिक ढक्ककर बचाने का प्रयास मे लगे हुए हैं। लेकिन कोई खाश फायदा नहीं दिख रहा है। धान रोपाई के समय पानी बारिश नहीं हुई थी जिससे पूरी तरह धान की रोपाई नहीं हो सकी। इधर रोपाई की गई धान कटाई के समय मिचौंग का असर से पक्के हुए धान काफी क्षतिग्रस्त हो गया है. बारियातू प्रखंड क्षेत्र टमाटर फसल के मामले मे हब माना जाता है बड़े पैमाने पर टमाटर उत्पादन किया जाता है। पटवन की गई टमाटर बड़े पैमाने पर प्रभावित हो गया है। आपको बताते चलें की पिछले मौषम मे रोपाई की गई टमाटर फसल को पानी की आवश्यकता थी परन्तु पक्के हुए टमाटर और पटवन की टमाटर में बारिश से फटना व फल में दागी लगाने के साथ सड़ने से किसानो को काफी नुकसान होगा। भाटचतरा, कुशमाहा, बेसरा, मकरा, सिबला, राजगुरु, छाताबर, गड़गोमा सहित दर्जनों गांव में धान और टमाटर की फसल मे काफी नुकसान हुआ है।

